वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला का पुष्प नं. 86
ISBN 978-93-80353-89-0

मण्डल विधान प्रारंभ एवं हवन विधि

–संकलन एवं पद्यानुवाद –

पूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि
श्री ज्ञानमती माताजी

पूज्य 105 गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी के शिष्य जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर धर्मपीठ के पीठाधीश पूज्य क्षुल्लक श्री मोतीसागर जी महाराज के 25वें पीठाधीश पदारोहण दिवस मोक्षसप्तमी-5 अगस्त 2011 के शुभ अवसर पर प्रकाशित

-प्रकाशक-

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान
जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.
फोन नं.- (01233) 280184, 280994
Website : www.jambudweep.org
E-mail : rk195057@yahoo.com

द्वितीय संस्करण	वीर नि. सं. 2537	मूल्य
(परिवर्द्धित)	मोक्षसप्तमी	40/-रु.
1100 प्रतियाँ	5 अगस्त 2011	

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान द्वारा संचालित

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला में दिगम्बर जैन आर्षमार्ग का पोषण करने वाले हिन्दी, संस्कृत, प्राकृत, कन्नड़, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं के न्याय, सिद्धान्त, अध्यात्म, भूगोल-खगोल, व्याकरण आदि विषयों पर लघु एवं वृहद् ग्रंथों का मूल एवं अनुवाद सहित प्रकाशन होता है। समय-समय पर धार्मिक लोकोपयोगी लघु पुस्तिकाएं भी प्रकाशित होती रहती हैं।

–: संस्थापिका एवं प्रेरणास्रोत :–

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी

–: मार्गदर्शन :–

प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी

–: निर्देशन :–

धर्मदिवाकर पीठाधीश क्षुल्लकरत्न श्री मोतीसागर जी महाराज

–: सम्पादक :–

कर्मयोगी ब्र. रवीन्द्र कुमार जैन

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

प्रथम संस्करण (सन् 1988)-1100 प्रतियाँ प्रकाशित

कम्पोजिंग - ज्ञानमती नेटवर्क
जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.

प्रस्तावना

-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

वर्तमान की आवश्यकतानुसार परमपूज्य गणिनी आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माताजी ने इस पुस्तक का सृजन किया है। इसके द्वारा प्रत्येक विद्वान को मण्डल विधान सम्पन्न कराने में अत्यन्त सुविधा प्राप्त होगी। क्योंकि आगम के अनुसार माताजी ने इसमें सारी विधि का यथाक्रम संकलन कर दिया है एवं जनसाधारण की संस्कृत भाषाजन्य अशुद्धियों को देखते हुए पद्यानुवाद करके उस विधि को बहुत सरल बना दिया है।

आशा है कि विधान कराने वाले समस्त विद्वानों को यह पुस्तक नई दिशा प्रदान करेगी और वे इस विधि को पूर्णरूपेण प्रयोग कराकर समाज को लाभान्वित करेंगे।

इस पुस्तक में किसी भी विधान को सम्पन्न कराने के लिए उपयोग में आने वाली समस्त सामग्री की लिस्ट भी यहाँ दी जा रही है, पुनः यहाँ सभी विधियों को अलग-अलग सम्पन्न कराने के लिए अलग सामग्री की सूची भी दी जा रही है।

1. झण्डारोहण की सामग्री–सिद्धयंत्र, केसरिया झण्डा स्वस्तिक बना हुआ ढाई फुट लम्बा, झण्डे में बाँधने के लिए पुष्प, पूजन सामग्री, 1 मिट्टी का कलश, नारियल, हल्दी, सुपारी, सरसों, आम के पत्ते, कलावा, केसर, कपूर, माचिस, रुई, घण्टा, सिन्दूर।

2. अंकुरारोपण की सामग्री–सप्तपधान्य बिना कुटे हुए, सात मिट्टी के गमले, पूजन सामग्री, सिद्धयंत्र, कलावा, मिट्टी का एक कलश, नारियल, हल्दी, सुपारी, सरसों, कपूर, माचिस, फावड़ा, 9 थालियाँ, केसरिया वायल 2 मीटर।

3. जाप्यानुष्ठान की सामग्री–विधान सम्बन्धी जाप्य के कार्ड, डाभ के आसन, लकड़ी के पाटे, हल्दी, सुपारी, सरसों, कलावा, सूत या स्फटिक, मूँगा आदि की मालाएँ, कपूर, माचिस, घी, दीपक, धूपदान, धूप, ताजी मिट्टी के बड़े दीपक, लौंग, मंगल कलश, विनायक यंत्र, नारियल, सिंहासन, कापी, पेन या पेन्सिल, कोयले की अग्नि, जनेऊ।

4. सकलीकरण की सामग्री–शुद्ध केसर, लौंग, रकेबियाँ, जल, पूजन

सामग्री, कलावा, कपूर, माचिस, रुई, घी, दीपक, सरसों, सुपारी, हल्दी, सिंदूर, डाभ के आसन, लकड़ी की बैंच इत्यादि।

5. हवन की सामग्री–पूजन सामग्री, धूप, घी, आम की लकड़ी, चंदन की लकड़ी, सप्तधान्य, लकड़ी के चाटू, दूध, गरी के गोले, मंगल कलश, नारियल, आम के पत्ते, कलावा, जनेऊ, हल्दी, सुपारी, सरसों, सिंदूर, 12 मिट्टी के दीपक, रुई, माचिस, कपूर, पिसी हल्दी, डाभ के आसन, सफेद चावल 1 किलो, पीले चावल आधा किलो, 1 मेज, 100 ग्राम लौंग आदि।

6. जलयात्रा की सामग्री–9 मंगल कलश, 9 नारियल, पूजन सामग्री, दीपक, बाल्टी, छन्ना, घड़ा पीतल या स्टील का, सरसों, कपूर, माचिस, सिंदूर, सुपारी, घण्टा आदि।

विधान के लिए सामग्री एवं अन्य आवश्यक उपकरण/वस्तुएँ

झण्डा केसरिया 1 बड़ा (ढाई मीटर), 8 झण्डे (एक मीटर प्रत्येक), चिह्नसहित 458 छोटी झण्डियाँ केसरिया रंग की (ये इन्द्रध्वज विधान में काम आती हैं)।

नारियल	विधान के अर्घों के अनुसार
चावल	50 कि.ग्रा.
बादाम	2 कि.ग्रा.
सुपारी	2 कि.ग्रा.
छुआरा	2 कि.ग्रा.
छोटी इलाइयी	500 ग्राम
लौंग	500 ग्राम
किसमिस	500 ग्राम
केसर असली	10 ग्राम
गरी गोला	5 कि.ग्रा.
रुई	1 बण्डल
माचिस	1 बण्डल
देसी घी	10 कि.ग्रा.
जनेऊ	12 नग

कलावा	250 ग्राम
अगरबत्ती	10 पैकेट
सिन्दूर	10 ग्राम
हल्दी गाँठ	250 ग्राम
धनिया साबुत	100 ग्राम
पीली सरसों	250 ग्राम
कपूर	500 ग्राम
1 रुपये के सिक्के	10
चार आने के सिक्के	10
10 पैसे के सिक्के	30
लालटेन के गोले (शीशे)	10
पिस्ता	100 ग्राम

धूप का सामान

1. अगर	250 ग्राम
2. तगर	” ”
3. छैलछबीला	” ”
4. नागरमोथा	” ”
5. कपूरकचरी	” ”
6. लाल चंदन	500 ”
7. सफेद चंदन	” ”

अंकुरारोपण की सामग्री

मिट्टी के प्याले या गमले	8
मिट्टी के कलश	2

सप्तधान्य

1. जौ	100 ग्राम
2. चना	” ”
3. मटर	” ”
4. सरसों	” ”
5. काले तिल	” ”

6. धान	” ”
7. गेहूँ	” ”

मांडना बनाने का सामान

16 × 16 फुट या 12 × 12 फुट मंडल बनाने के लिए तख्त पर बिछाने वाला कपड़ा

लाल रंग	2 कि.ग्रा.
हरा रंग	” ”
पीला रंग	” ”
नीला रंग	” ”
गुलाबी रंग	” ”
सफेद रंग	” ”
चाय की छन्नी लोहे वाली	4
पानी छानने वाला कपड़ा	2 मीटर
केसरिया तूल	2 मीटर
गोटा (आधा मीटर चौड़ा)	10 मीटर
पूजन बर्तन सैट (जितने पूजन करने वाले हों)	
आसन (डाभ के)	20
नई चटाइयाँ	1 दर्जन
पीतल के दीपक	1 दर्जन
दीपक के लिए रकेबी	1 दर्जन
जलयात्रा के लिए कलश	51

सभी पूजन करने वालों के लिए नये धोती दुपट्टे।

विधानाचार्य के लिए कपड़ों का 1 सेट

धूपदान	10
लाउडस्पीकर (पूजा के लिए)	4 माईक सैट

चौकियाँ

बैंच

चंदोवा

केसरिया साटन (मंडल के चारों तरफ झालर लगाने के लिए)

चंवर	8
छत्र	
सिंहासन	भगवान को विराजमान करने हेतु
अष्ट मंगल द्रव्य	
अखण्ड दीपक के बड़े कटोरे	2
अखण्ड दीपक रखने के लिए केश	2
पंचमेरू	
शांतिधारा के लिए झारी	
एल्यूमिनीयम पाइप (8 फुट लम्बाई व आधा इंच के)	आठ बड़े झण्डों को लगाने के लिए
हार-मुकुट	इन्द्र-इन्द्राणी की संख्या के अनुसार
मुकुट	
कनस्तर या गमले (झण्डे लगाने के लिए)	8
मंडल विधान का बैनर	1

नोट–उपरोक्त सामग्री लगभग 10 व्यक्तियों के लिए है। संख्या के अनुसार पूजन सामग्री घटा या बढ़ा लेनी चाहिये। नारियल की संख्या वही रहेगी।

आद्य वक्तव्य

-गणिनी आर्यिका ज्ञानमती

'पंचामृत अभिषेक पाठ संग्रह' पुस्तक में प्रकाशित श्री पूज्यपादस्वामी द्वारा रचित 'पंचामृत अभिषेक' और उसमें क्षेत्रपाल, दिक्पाल का आह्वान देखकर मुझे आचार्य श्री शांतिसागर जी की परम्परा में प्रचलित वर्तमान में प्रसिद्ध बीसपंथ आम्नाय पर बहुत ही श्रद्धा बढ़ गई। इसमें पंद्रह अभिषेक पाठ संग्रहीत हैं। प्रायः सभी अभिषेक पाठ आचार्यों द्वारा लिखित होने से प्रामाणिक हैं। मात्र पंडित प्रवर आशाधर जी बहुत ही प्रामाणिक विद्वान् माने गये हैं। इनके द्वारा बनाये गये 'अनगारधर्मामृत' आदि ग्रंथ मुनियों को भी मान्य हैं।

इन सभी में सर्वप्रथम लिखा गया श्रीपूज्यपादस्वामी का अभिषेक पाठ मुझे बहुत अच्छा लगा और आबाल गोपाल तक प्रसिद्ध करने की इच्छा रही। मैंने सन् 1976 में इन्द्रध्वज विधान को छपाते समय उसमें यह अभिषेक पाठ ज्यों की त्यों संस्कृत का ही दे दिया था। यह इन्द्रध्वज विधान जब चौथी बार छपा उसमें भी छपाया गया है। श्री पूज्यपादस्वामी की संस्कृत भी अत्यंत कठिन है। अतः यह अभिषेक पाठ शायद किन्हीं विद्वानों ने भले ही कराया हो किन्तु सामान्य विद्वानों ने इसे नहीं कराया।

मेरे मन में कई वर्षों से यह इच्छा थी कि मैं इसका पद्यानुवाद कर दूँ तो सबके लिए सरल हो जाये। सन् 1987 में 6 जुलाई, आषाढ़ सुदी 10 के दिन मैंने इसका पद्यानुवाद पूर्ण किया। इसमें श्लोकों का भावानुवाद ही है और मंत्र ज्यों के त्यों दिये गये हैं।

वर्तमान समय की विघ्नबाधाओं को दृष्टि में रखकर उनके दूर करने हेतु मैंने एक 'शांतिधारा' बनायी थी वह भी इसमें दे दी है। पुनः क्षुल्लक मोतीसागर जी, रवीन्द्र कुमार आदि का कई बार यह कहना रहा कि सकलीकरण, यज्ञदीक्षा आदि विधियाँ संस्कृत में ही हैं। उनको भी आप यदि पद्यानुवाद से सरल कर दें तो अच्छा रहे। क्योंकि कई एक नये विद्वान प्रायः संस्कृत श्लोकों का उच्चारण अशुद्ध करते रहते हैं।

इन लोगों की भावना के अनुसार मैंने इन सकलीकरण आदि के कुछ श्लोकों का पद्यानुवाद करके मंत्रों को मात्र रखकर विधि संक्षिप्त कर दी है।

इस प्रकार इस पुस्तक में सिद्धचक्रविधान, इन्द्रध्वज विधान आदि कराने

वाले विद्वानों के लिये प्रारंभिक और अंतिम हवन विधि तक सर्व विधि सरल कर दी है। क्योंकि ऐसा अनुभव आता है कि बहुत से विद्वान इन विधियों को कठिन और बड़ी समझकर प्रायः छोड़ ही देते हैं। अंत में हवन विधि में भी कुछ मंत्रों द्वारा आहुति कराकर विधान पूर्ण कर देते हैं। इन सभी विद्वानों के लिये ही यह विधि सरल और संक्षिप्त की गई है।

पूजामुखविधि व अन्त्यविधि–श्रीपूज्यपादस्वामी ने अभिषेक पाठ में प्रारंभ में दो श्लोक दिये हैं जिनमें नित्यपूजा के प्रारम्भ में करने योग्य विधि का संकेत दिया है। पुनः अन्त में पैंतीस से चालीस श्लोकों में से अंत के चार श्लोकों में अभिषेक के बाद में करने योग्य पूजा, मंत्रजाप, यक्ष, यक्षी आदि के अर्घ का संकेत दिया है। इसे ही देखिये–

आनम्यार्हंतमादावहमपि विहितस्नानशुद्धिः पवित्रैः।
तोयैः सन्मंत्रयंत्रैर्जिनपतिसवनाम्भोभिरप्यात्तशुद्धिः।।
आचम्यार्घ्यं च कृत्वा शुचिधवलदुकूलान्तरीयोत्तरीयः।
श्रीचैत्यावासमानौम्यवनतिविधिना त्रिःपरीत्य क्रमेण।।1।।

द्वारं चोद्घाट्य वक्त्राम्बरमपि विधिनेर्यापथाख्यां च शुद्धिं।
कृत्वाहं सिद्धभक्तिं बुधनुतसकलीसत्क्रियां चादरेण।।
श्रीजैनेन्द्रार्चनार्थं क्षितिमपि यजनद्रव्यपात्रात्मशुद्धिं।
कृत्वा भक्त्या त्रिशुद्ध्या महमहमधुना प्रारभेयं जिनस्य।।2।।

अर्थ–पूजा अभिषेक के प्रारम्भ में स्नान करके शुद्ध हुआ मैं अर्हन्त देव को नमस्कार करके पवित्र जलस्नान से, मंत्रस्नान से और व्रत स्नान से शुद्ध होकर आचमन कर, अर्घ्य देकर, धुले हुए सफेद धोती और दुपट्टा को धारण कर, वंदना विधि के अनुसार तीन प्रदक्षिणा देकर जिनालय को नमस्कार करता हूँ।

तथा द्वारोद्घाटन कर और मुख वस्त्र हटाकर विधिपूर्वक ईर्यापथ शुद्धि करके, सिद्धभक्ति करके, सकलीकरण करके, जिनेन्द्रदेव की पूजा के लिये भूमिशुद्धि, पूजा द्रव्य की शुद्धि, पूजा पात्रों की शुद्धि और आत्म शुद्धि करके भक्तिपूर्वक मन, वचन, काय की शुद्धि से अब जिनेन्द्रदेव का महामय अर्थात् अभिषेक पूजा प्रारम्भ करता हूँ।।1-2।।

इस कथित विधि के अनुसार आचार्य श्री नेमिचन्द्र कृत प्रतिष्ठातिलक में क्रम से सर्वविधि का वर्णन है। प्रारम्भ में जलस्नान के अनंतर 'मंत्रस्नान'[1] विधि

1. प्रतिष्ठातिलक में है।

का वर्णन है। अनंतर 'पूजा मुखविधि' शीर्षक में मंदिर में प्रवेश करने से लेकर सिद्धभक्ति का का वर्णन हैं अर्थात् मंदिर में प्रवेश करना, प्रदक्षिणा देना, जिनालय की तथा जिनेन्द्रदेव की स्तुति करना, ईर्यापथ शुद्धि करके सकलीकरण करना, द्वारोद्घाटन, मुखवस्त्र उत्सारण (वेदी के सामने का वस्त्र हटाना) पुनः सामायिक विधि स्वीकार कर विधिवत् कृत्य विज्ञापना करके सामायिक दंडक, कायोत्सर्ग और थोस्सामि करके लघु सिद्धभक्ति करना यहाँ तक पूजा- मुखविधि होती है।

पुनः विधिवत् अभिषेक करने का विधान है। उसके अंत में श्लोक ये हैं–

निष्ठाप्यैवं जिनानां सवनविधिरपि प्रार्च्यभूभागमन्यं।
पूर्वोक्तैर्मंत्रयंत्रैरिव भुवि विधिनाराधनापीठयंत्रम्।।
कृत्वा सच्चंदनाद्यैर्वसुदलकमलं कर्णिकायां जिनेद्रान्।
प्राच्यां संस्थाप्य सिद्धानितरदिशि गुरून् मंत्ररूपान् निधाय।।37।।

जैनं धर्मागमार्चानिलयमपि विदिक्पत्रमध्ये लिखित्वा।
बाह्ये कृत्वार्थ चूर्णैः प्रविशदसदकैः पंचकं मंडलानाम्।।
तत्र स्थाप्यास्तिथीशा ग्रहसुरपतयो यक्षयक्ष्यः क्रमेण।
द्वारेशा लोकपाला विधिवदिह मया मंत्रतो व्याहियन्ते।।38।।

एवं पंचोपचारैरिह जिनयजनं पूर्ववन्मूलमंत्रे।
णापाद्यानेकपुष्पैरमलमणिगणैरंगुलीभिः समंत्रैः।।
आराध्यार्हंतमष्टोत्तरशतममलं चैत्यभक्त्यादिभिश्च।
स्तुत्वा श्रीशांतिमंत्रं गणधरवलयं पंचकृत्वः पठित्वा।।39।।

पुण्याहं घोषयित्वा तदनु जिनपतेः पादपद्मार्चितां श्री।
शेषां संधार्य मूर्ध्ना जिनपतिनिलयं त्रिपरीत्य त्रिशुद्ध्या।।
आनम्येशं विसृज्यामरगणमपि यः पूजयेत् पूज्यपादं।
प्राप्नोत्येवाशु सौख्यं भुवि दिवि विबुधो देवनंदीडितश्रीः।।40।।

अर्थ–इस प्रकार जिनेन्द्रदेव की पूजा विधि को पूर्ण करके पूर्वोक्त मंत्र यंत्रों से विधिपूर्वक आराधनापीठ यंत्र की पूजा करें। पुनः चंदन आदि के द्वारा आठ दल का कमल बनाकर कर्णिका में श्रीजिनेन्द्रदेव को स्थापित कर पूर्व दिशा में सिद्धों को, शेष तीन दिशाओं में आचार्य उपाध्याय और साधु को विराजमान करके पुनः विदिशा के दलों में क्रम से जिनधर्म, जिनागम, जिनप्रतिमा और जिनमंदिर को लिखकर बाहर में चूर्ण से और धुले हुए उज्ज्वल चावल आदि से

पंचवर्णी मण्डल बना लेवें। इस कमल के बाहर पंचदश तिथिदेवता को, नवग्रहों को, बत्तीस इन्द्रों को, चौबीस यक्षों को, चौबीस यक्षिणी को तथा द्वारपालों को और लोकपालों को विधिवत् मंत्रपूर्वक में आह्वानन विधि से बुलाता हूँ।

इस तरह पंचोपचारों से मंत्रपूर्वक जिन भगवान् का पूजन कर पूर्ववत् मूल मन्त्रों द्वारा अनेक प्रकार के पुष्पों से, निर्मल मणियों की माला से या अंगुली से एक सौ आठ जाप्य करके अरहंत देव की आराधना करें। पुनः चैत्यभक्ति आदि शब्द से पंचगुरू भक्ति और शांति भक्ति के द्वारा स्तवन करके शांतिमन्त्र और गणधरवलय मन्त्रों को पढ़कर प्रदक्षिणा देकर, मन, वचन, काय की शुद्धिपूर्वक श्रीजिनेन्द्र भगवान को नमस्कार करे और अमरगण अर्थात् पूजा के लिए बुलाये गये देवों का विसर्जन करके जो व्यक्ति 'पूज्यपाद' श्रीजिनेन्द्र भगवान की पूजा करता है वह 'देवनन्दी' से पूजित श्री विद्वान् मर्त्यलोक और देवलोक में शीघ्र ही सुख को प्राप्त करता है। (37 से 40 तक)

यह अभिषेक पाठ सर्वार्थसिद्धि के कर्ता श्री पूज्यपाद स्वामीकृत ही है। यह पं. पन्नालाल जी सोनी ने अभिषेक पाठ संग्रह की प्रस्तावना में स्पष्ट कर दिया है। यथा–'शिलालेख'[1] नं. 40 (64) में निम्नलिखित दो पद्य दिये गये हैं–

यो देवनंदिप्रथमाभिधानो, बुद्ध्या महत्या च जिनेन्द्रबुद्धिः।
श्रीपूज्यपादोऽजनि देवताभिर्यत्पूजितं पादयुगं यदीयम्।।10।।

जैनेन्द्रं निजशब्दभोगमतुलं सर्वार्थसिद्धिः परा।
सिद्धान्ते निपुणत्वमुद्धकविता जैनाभिषेकः स्वकः।।
छन्दस्सूक्ष्मधियं समाधिशतकस्वास्थ्यं यदीयं विदा।
माश्यातीह स पूज्यपादमुनिपः पूज्यो मुनीनां गणैः[2]।।11।।

पहले गद्य में पूज्यपाद स्वामी ने तीन नाम प्रख्यात होने का हेतु बताया है। अर्थात् जिनका 'देवनंदि' यह प्रथम नाम था, बुद्धि और महानता से जो जिनेन्द्रबुद्धि कहलाये। पुनः देवताओं के द्वारा उनके पाद युगल की पूजा की गई थी इसलिए वे 'श्री पूज्यपाद' नाम से प्रसिद्ध हुए हैं।

पुनः दूसरे पद्य में उनके बनाये हुए ग्रन्थों के नाम हैं। अर्थात् जिनका 'जैनेन्द्र व्याकरण' अतुल शब्दों का कथन करता है, जिनकी 'सर्वार्थसिद्धि' सिद्धांत में निपुणता को सूचित करती है एवं जिनका बनाया हुआ 'जैनाभिषेक' छंद ग्रन्थ और समाधिशतक उनके श्रेष्ठ कवित्व को कहते हैं ऐसे वे श्री पूज्यपाद मुनिनाथ,

1. शिलालेख संग्रह पु. 1। 2. 'अभिषेक पाठ संग्रह' प्रस्तावना से।

मुनियों के समूह से पूज्य हैं।

यह शिलालेख शक संवत् 1085, विक्रम संवत् 1220 में उत्कीर्ण किया गया है।

इस तरह से यहाँ श्री पूज्यपादस्वामी ने पूजा के आदि में सिद्धभक्ति व अन्त में 'चैत्यभक्ति' पंचगुरूभक्ति और शांतिभक्ति ऐसी चार भक्तियों को करने का विधान किया है।

अन्य ग्रन्थों में भी श्रावकों के लिए अभिषेक पूजन में चारभक्ति–सिद्धभक्ति, चैत्यभक्ति, पंचगुरूभक्ति और शांतिभक्ति को करने का विधान है।

'सिद्धभक्त्यादिशान्यंता पूजाभिषवमंगले।

अथवा–

अहिसेयवंदणा सिद्धचेदियपंचगुरूसंतिभत्तीहिं[1]।।'

भावसंग्रह ग्रन्थ में भी श्रावक की सामायिक क्रिया में जिनेन्द्रदेव का विधिवत् अभिषेक और पूजन करने को कहा है। वहाँ पर नित्य अभिषेक पूजन विधि का वर्णन इसी प्रकार से ही किया गया है। यथा–

सामायिकं प्रकुर्वीत, कालत्रये दिनं प्रति।
श्रावको हि जिनेन्द्रस्य, जिनापूजापुरस्सरं[2]।।463।।

पश्चात्स्नानविधिं कृत्वा, धौतवस्त्रपरिग्रहः।
मंत्रस्नानं व्रतस्नानं कर्तव्यं मंत्रवित्तथा।।470।।

एवं स्नानत्रयं कृत्वा, शुद्धित्रयसमन्वितः।
जिनावासं विशेन्मंत्री, समुच्चार्य निषेधिकां।।471।।

कृत्वेर्यापथसंशुद्धिं, जिनं स्तुत्वातिभक्ति तः।
उपविश्य जिनस्याग्रे, कुर्याद्विविमिमां पुरा।।472।।

इत्यादि रूप से 463 श्लोक से लेकर 499 श्लोक तक पूर्वोक्त विधि से 'पूजा मुख विधि, अभिषेक', पूजन आदि करने का विधान किया है।

इस प्रकार श्रीपूज्यपाद स्वामी के कहे अनुसार सर्वविधि मुझे 'प्रतिष्ठातिलक' नाम के ग्रन्थ में देखने को मिली। मैंने सन् 1955 में गड़दगा नाम के गाँव में दक्षिण में एक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा देखी थी। वह प्रतिष्ठा इसी ग्रन्थ के आधार से करायी गई थी।

इस 'प्रतिष्ठा तिलक' में 'नित्यमह' नाम से जो विषय है उसमें सर्वप्रथम

1. अनगारधर्मामृत अ. 9, पृ. 637। 2. भावसंग्रह (श्रीवामदेव विरचित पृ.199)।

मंत्रस्नान विधि दी गई है। इसे ही अन्यत्र 'संध्यावंदन विधि' कहते हैं। इसे यहाँ सर्वप्रथम दिया गया है।

श्रावकों को नित्य ही 'जलस्नान' के बाद शुद्ध वस्त्र पहनकर एक कटोरी में जल लेकर यह 'मंत्रस्नान' विधिवत् करना चाहिये। इस 'संध्यावंदन' को पं. लालारामजी शास्त्री ने भी छपवाया था और 'पुरंदर व्रत विधान' में ब्र. श्री सूरजमलजी ने भी छपवाया है। श्रावकों के लिए शास्त्र में तीन स्नान माने हैं– जल स्नान, मंत्र स्नान और व्रत स्नान। पं. पन्नालालजी सोनी ने 'अभिषेक पाठ संग्रह' ग्रन्थ की भूमिका में 'पूजाविधिः' में तीनों स्नान के मंत्र अलग-अलग दिये हैं। उसमें व्रतस्नान का मंत्र निम्न है–

''ॐ ह्रीं ह्रं श्रीं नमः अणुव्रत पंचकं गुणव्रतत्रयं शिक्षाव्रतचतुष्टयं अर्हत् सिद्धाचार्योपाध्याय सर्वसाधून् साक्षीकृत्य सम्यक्त्वपूर्वकं सुव्रतं दृढव्रतं समारूढं भवतु मह्यं स्वाहा।''

इस प्रकार तीनों स्नान से शुद्ध होकर जिनमंदिर में पहुँचकर अभिषेक-पूजा करने के लिये पूजामुखविधि करें। इसी ग्रन्थ के आधार से पूजा मुखविधि मैंने संक्षेप में दी है। इसमें सकलीकरण भी शामिल है। इस सकलीकरण में मध्य के तीन मंत्र–औदारिक देह दहन आदि के मैंने पं. आशाधरजी कृत सकलीकरण से लिया है।

पुनः 'पंचामृत अभिषेक पाठ' श्रीपूज्यपादस्वामी का दिया है। इसके बाद नवदेवता पूजा देकर 'पूजा अन्त्यविधि' दी है। यह भी 'प्रतिष्ठा तिलक' के आधार से संक्षिप्त करके दी है।

झण्डारोहण विधि–यह विधि प्रतिष्ठातिलक में लगभग 20 पृष्ठों तक है। इस विधि को यहाँ संक्षेप में कतिपय श्लोक मंत्र मात्र से दे दिया है। यह ध्वजारोहण विधि पंच कल्याणक के समय के लिये है। इन्द्रध्वज आदि विधान के प्रारम्भ में भी इसी से ध्वजारोहण करावें। इसमें मंत्र में सर्वाण्हयक्ष के अभिषेक के मंत्र हैं। जहाँ सर्वाण्हयक्ष की मूर्ति हो वहाँ अभिषेक आदि सरल है। कोई-कोई वस्त्र में बने सर्वाण्हयक्ष का दर्पण में प्रतिबिम्ब डालकर उस दर्पण पर करते हैं। उसी प्रकार इसमें जो नेत्रोन्मीलन आदि के मंत्र हैं उनका प्रयोग तो सर्वाण्हयक्ष की मूर्ति होने पर ही किया जा सकेगा।

चालू विधि में ध्वजारोहण स्थान पर यंत्र ले जाकर मंगलाष्टक पढ़कर 'भूमिशोधन' विधि करते हैं–इसमें वास्तुकुमार मेघकुमार आदि का आह्वान कर अर्घ देकर यंत्र का अभिषेक कर यंत्रपूजा, नवदेवता पूजा, समय हो तो सिद्धपूजा

करके इस पुस्तक में छपी ध्वजारोहण विधि कराके ध्वजारोहण कराना चाहिये।

अंकुरारोपण विधि–यह विधि भी 'प्रतिष्ठातिलक' में लगभग 20 पृष्ठ तक है। यहाँ पर कतिपय श्लोक लेकर मंत्रमात्र देकर विधि को संक्षिप्त किया है। यह विधि भी प्रतिष्ठा के समय की है।

चालू विधि में अंकुरारोपण के समय भी यंत्र का अभिषेक कर इसमें छपी सर्व विधि कराकर अंकुरारोपण करावें। वहाँ पर पालिका, घटी, सराव और पटली ऐसे चार तरह के पात्र अंकुरारोपण के लिये बताये हैं। इन्द्रध्वज विधान आदि के समय आठ कुण्डों में अंकुरारोपण कराने की परम्परा है।

बीजप्रक्षालन, बीजवपन और जलसेचन के मंत्र विधानाचार्य को मन में पढ़ना चाहिये।

घटयात्रा विधि–यह घटयात्रा विधि वेदी शुद्धि के लिये और भगवान के अभिषेक हेतु जल लाने के लिये भी की जाती है। यहाँ अति संक्षेप में 'व्रतविधि निर्णय' से लेकर श्लोकों का पद्यानुवाद कर दिया है। इसमें भी प्रारम्भ में मंगलाष्टक, पुनः भूमिशोधन विधि करके इस पुस्तक में प्रकाशित विधि करके जल से भरे कलशे लाना चाहिये।

मंडलाराधना विधि–प्रतिष्ठातिलक में 'यागमंडल' के अन्तर्गत मंडलाराधना विधि दी है। इसमें अर्हंत पूजा, सिद्धपूजा, महर्षि पूजा और स्वस्त्ययन पाठ अर्थात् स्वस्ति पाठ है। इसी के अनुसार मैंने यहाँ हिन्दी में अर्हत पूजा, सिद्धपूजा, साधु पूजा देकर वहीं से स्वस्ति पाठ लेकर दे दिया है।

यक्षदीक्षा विधि–यह विधि भी इसी 'यागमण्डल' के अन्तर्गत मण्डलाराधना के बाद की से है। इसे ही मैंने कतिपय हिन्दी पद्य देकर मात्र मंत्रों से ही दे दीहै।

भूमिशोधन विधि–यह विधि भी प्रतिष्ठातिलक में यज्ञदीक्षा के बाद है। इसे भी संक्षिप्त करके मंत्र मात्र से दिया है। यह विधि प्रायः ध्वजारोहरण, जलयात्रा आदि के प्रसंगों पर प्रारम्भ में की जाती है।

मंदिर, वेदी आदि के शिलान्यास के समय भी इस 'भूमिशोधन विधि' को प्रारम्भ में करने की परम्परा है।

मंडपप्रतिष्ठा विधि–यह विधि भी उसी प्रतिष्ठातिलक में है। यहाँ पर संक्षेप में दी गई है। इस मंडपप्रतिष्ठा के समय 'पुण्याहवाचन' की भी परम्परा है। यह लघु पुण्याहवाचन इसी पुस्तक में पृ.....दिया गया है।

जाप्यानुष्ठान विधि–यह विधि इन्द्रध्वज विधान में छपायी जा चुकी है। यहाँ भी वही है।

हवन विधि–यह हवन विधि भी प्रतिष्ठातिलक से ही ली है। इसमें भी कुछ श्लोकों का पद्यानुवाद कर दिया है और सभी मंत्र ज्यों की त्यों रखे गये हैं। यह आहुति मंत्रों का क्रम आदिपुराण में ऐसा ही है।

रथचालन व रक्षा मंत्र–प्रतिष्ठातिलक में यह रथ चलाने का श्लोक है एवं रक्षा मंत्र है। वहीं से लेकर इस श्लोक और मंत्र को यहाँ दिया है।

मंगलाष्टक–अभिषेक पाठ आदि में प्रसिद्ध जो मंगलाष्टक पाठ है, उसे यहाँ दे दिया है। चूँकि सभी विद्वान् हर एक मंगल कार्य-विधि विधान के प्रारम्भ में इस मंगलाष्टक को पढ़ते हैं।

पुण्याहवाचन–यह लघु पुण्याहवाचन भी प्रसिद्ध है। मंडप शुद्धि, सामान्य वेदी शुद्धि आदि के समय इसको पढ़ा जाता है।

व्रतगृहण-समापन विधि–'व्रत तिथि निर्णय' पुस्तक पृ. 201-202 से यह विधि ली गई है। श्रावक-श्राविकाओं को रविवार, रत्नत्रय, अनन्त चौदस आदि व्रत देते समय इस विधि को पढ़ना होता है और समापन करते-कराते समय 'समापन' का पाठ पढ़ना होता है। यद्यपि यह विधि मुनि-आर्यिका आदि के लिये ही है। साधु-साध्वी आदि गुरुओं से ही श्रावकों को व्रत लेना चाहिये, फिर भी कदाचित् गुरुओं के नहीं रहने पर व्रती विद्वान् भी व्रत देते समय यह पाठ बोलें। इसीलिये यहाँ पुस्तक में यह पाठ दे दिया है।

व्रत निष्ठापन विधि–रविवार, अठाई, जिनगुणसम्पत्ति आदि कोई व्रत जब पूरा हो जाता है तब उद्यापन किया जाता है। इस उद्यापन में उस-उस व्रत के मंडलविधान कराये जाते हैं। उस उद्यापन के समय यह गद्य पाठ बोलकर उद्यापन कराना चाहिये। इसीलिए व्रत तिथि निर्णय के पृष्ठ 43 से इसे यहाँ दे दिया है।

तिथि देवता आदि देवताओं के अर्घ–श्रीपूज्यपाद स्वामी कृत अभिषेक पाठ के अन्त में जो तिथिदेवता यक्ष-यक्षी आदि को अर्घ चढ़ाने का कथन है, वही विधि प्रतिष्ठातिलक से लेकर पद्यानुवाद में यहाँ दी है। पुनः क्षेत्रपाल को चोला चढ़ाने के श्लोक दिये हैं और पद्मावती माता को वेश पहनाने, गोद भरने का भजन दिया है।

कलश स्थापित करने का संकल्प मंत्र–मण्डल पर या अन्यत्र कहीं भी मंगलकुम्भ स्थापित करते समय संकल्प मन्त्र पढ़कर कलश स्थापित करना चाहिये।

अखण्ड दीप प्रज्वालन मंत्र–विधान आदि के अवसर पर अखण्ड दीपक को जलाते समय संकल्प मंत्र पढ़कर जलाना चाहिये।

बड़ी शांतिधारा–यह सन् 1948 में फलटण से प्रकाशित 'सप्तर्षि पूजा' से

ली गई है। इन्द्रध्वज विधान में भी पहले यह छपायी जा चुकी है। नागौर (राज.) के ग्रंथ भण्डार में भी यह हस्तलिखित मिली थी। इसमें कुछ पाठ आगे-पीछे हैं। शांतिधारा मात्र पूरी यही है।

1008 और 108 कलश मांडने का चित्र–महाविधान की पूर्ति पर या कभी भी महाभिषेक में जब कभी 1008 कलशों से अभिषेक किया जाता है अथवा 108 कलशों का अभिषेक किया जाता है तब कुछ विद्वान् चाहे जैसे कलश रख देते हैं किन्तु प्रतिष्ठा तिलक में दिये चित्र के अनुसार मंडल बनाकर कलशों को स्थापित करना चाहिये। इसीलिए इस पुस्तक में ये दोनों चित्र दे दिये हैं।

विधान कराने का क्रम–इस प्रकार इस 'मंडल विधान प्रारम्भ विधि एवं हवन विधि' पुस्तक में सर्वप्रथम मंगलाष्टक है। इसके बाद प्रातःकालीन 'संध्यावंदन' है। पुनः देवदर्शनविधि को साथ लेकर पूजामुखविधि है, पुनः सकलीकरण है।

इसके बाद पंचामृतअभिषेक पाठ है। पुनः नित्य पूजा करने वालों के लिये 'नित्यदेवतापूजन' है। और इसके बाद 'पूजा अन्त्यविधि' है। विधान कराने वालों को प्रतिदिन विधान की पूजा के बाद 'अन्त्यविधि' करानी चाहिये। इसी में शांतिपाठ एवं विसर्जन पाठ आ जाता है।

इसके बाद 'ध्वजारोहण विधि' है क्योंकि किसी भी बड़े विधान के प्रारम्भ में सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया जाता है। इसके बाद 'अंकुरारोपण विधि' है, क्योंकि ध्वजारोहण के बाद अंकुरारोपण किया जाता है। इसके बाद 'घटयात्रा' (जलयात्रा) से वेदी शुद्धि करके विधान प्रारम्भ किया जाता है।

विधान के प्रारम्भ में पूजामुखविधि से लेकर अभिषेक पाठ तक करके पुनः 'मंडलाराधना' करना चाहिये। इसमें तीन पूजा करके 'स्वस्तिपाठ' किया जाता है। पुनः 'यज्ञदीक्षा विधि ' से इंद्रप्रतिष्ठा करके 'भूमिशोधन विधि' से मंडपशुद्धि करके मंडपप्रतिष्ठा करना, इसमें मंडल के ऊपर चार कोनों में चार मंगल कलश और बीच में भगवान के सामने पूर्ण कलश ऐसे पाँच कलश इन्द्र-इन्द्राणी से स्थापित कराना। मंगल कलश स्थापित करने का एवं 'अखंड दीप' प्रज्वलित कराने की विधि आगे दी गई है।

इसके बाद विधान की पूजन में से समुच्चय पूजन कराना चाहिये। पुनः समय हो तो आगे की पूजन करावें अन्यथा 'पूजा अन्त्य विधि' शांति पाठ विसर्जन कराकर जाप्यानुष्ठान करा देना चाहिये। यदि समयाभाव हो तो उस दिन शाम को जाप्यानुष्ठान करा सकते हैं।

इस प्रकार प्रतिदिन पूजामुखविधि से लेकर अभिषेक पाठ तक विधि

करके 'नवदेवता पूजन' करके विधान की पूजन करना चाहिए। तथा रुचि के अनुसार 'सिद्धपूजा' अन्य तीर्थंकर पूजा आदि भी कर सकते हैं। पुनः पूजा अन्त्यविधि करके यहाँ थाली में ही विसर्जन करना चाहिए। मंडल पर आह्वानन प्रतिदिन करना होता है किन्तु विसर्जन तो विधान की पूजन पूरी हो जाने पर अंत में ही मंडल पर किया जाता है। प्रतिदिन मंडल पर ही अर्घ के श्रीफल, गोला या बादाम चढ़ाना चाहिए। प्रतिदिन अनुष्ठान की जाप्य करना चाहिए।

विधान पूर्ति के बाद तीन कुंड बनवाकर उनमें विधिवत् 'हवन' करना चाहिए।

इस पूर्णाहुति के बाद रथयात्रा की जाती है। अतः रथचालन का श्लोक और रथयात्रा के रक्षा मंत्र करने के लिए मंत्र दिया गया है।

इसके बाद फुटकर रूप में मेरे द्वारा रचित मंगलाष्टक और प्रसिद्ध पुण्याहवाचन दे दिया है।

किन्हीं को कोई व्रत देना या समापन करना हो तो आगे विधि दे दी गई है तथा उद्यापन के विधान में उद्यापन के लिए विधि दी गई है।

इसके बाद पंद्रह तिथि देवता, नौ नवग्रह, चौबीस यक्ष, चौबीस यक्षीः आठ दिक्पाल और आठ दौवारिक अर्थात् आठ द्वारपाल के अर्घ हैं। श्री पूज्यपाद स्वामी ने 'अभिषेक पाठ' के अंत में कहा है कि–

''तत्र स्थाप्यास्तिथीशा ग्रहसुरपतये यक्षयक्ष्यः क्रमेण।
द्वारेशा लोकपाला विधिवदिह मया मंत्रतो व्याहियंते।।

वहाँ पर तिथि देवतता, नवग्रहदेव, यक्ष, यक्षी, द्वारपाल और लोकपाल को स्थापित कर मंत्र पूर्वक उनका आह्वान करना चाहिए। प्रायः यही क्रम 'प्रतिष्ठा तिलक' से दिया गया है। यहाँ नित्यमहनित्यपूजा में ही अंत में है। उन श्लोकों को मैंने पद्यानुवाद कर संक्षेप में यहाँ दे दिया है। विद्वान प्रतिदिन यदि पृथक्-पृथक् अर्घ न चढ़ावें तो पूर्णार्घ चढ़ा देवें और विधान की पूजन में पृथक्-पृथक् अर्घ चढ़वावें।

इसके अनंतर मंडल पर या अन्य किन्हीं मंगल अवसरों पर मंगल कलश स्थापित करने के लिये संकल्प मंत्र दिया है।

विधान के अवसर पर 'अखण्डदीप' को जलाते समय आगे लिखा संकल्पमंत्र बोलना चाहिए।

इसी प्रकार मंडल प्रतिष्ठा करते समय मंडल पर चारों तरफ कलावा लपेटते समय 'शांतिजिनं शशिनिर्मलवक्त्रं' पाठ बोलने की परम्परा है।

पुनः बड़ी शांतिधारा दी है। उसे जब कभी अभिषेक के बाद बड़ी शांतिधारा करनी हो तब करें। दूध से भी बड़ी शांतिधारा करते हैं।

इन विधि विधानों के समय कुछ मुद्राओं के प्रयोग होते हैं। उनके नाम निम्न प्रकार हैं–

सुरभिद्रा, पंचगुरुमुद्रा, शंखमुद्रा, अंकुशमुद्रा, अग्निमुद्रा, आह्वानन, स्थापन और सन्निधीकरण मुद्रा तथा जल, चंदन आदि अष्ट द्रव्य चढ़ाने की विधि को भी गुरुओं से सीख लेना चाहिये।

आगे दिये गये चित्र अनुसार ही 1008 या 108 कलशों के लिए सफेद रांगोली से मंडल बनाकर उनपर कलश स्थापन कर श्रीपूज्यपादस्वामी के पंचामृत अभिषेक पाठ से अभिषेक विधि संपन्न करनी चाहिए।

इस पुस्तक के प्रस्तुत संस्करण में शिलान्यास विधि, 81 कलशों से वेदीशुद्धि की विधि और मंत्र भी मैंने अपनी बहुत पुरानी डायरी से (ब्र. सूरजमल के अनुसार) दे करके इसे परिपूर्ण बना दिया गया है। सो विद्वज्जन उसका भी उपयोग करें। शिलान्यास की विधि में नींव में पारा आदि सामग्री को रखने के मंत्र मैंने स्वयं बना दिये हैं।

कतिपय मुद्राओं के लक्षण–

(1) पंचगुरू मुद्रा–दोनों हाथों की अंगुलियों को परस्पर एक दूसरे हाथ की अंगुलियों में फसावें और फिर उन गुथी हुई अंगुलियों को खड़ी करके दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली से बायें हाथ की मध्यमा अंगुली को दबावें, और बायें हाथ की तर्जनी अंगुली से दाहिने हाथ की मध्यमा अंगुली को दबायें। दायें हाथ के अंगूठे से बाएं हाथ की कनिष्ठा अंगुली को दबावें और बाएं अंगूठे से दाहिने हाथ की कनिष्ठा को दबायें और दोनों हाथों की अनामिका अंगुलियों को खड़ी करें और क्रम से अंगुलियों के युगलों पर निम्न मंत्र लिखें। भू, झं, वं, व्हः, पः फिर दोनों को मुद्रा सहित उल्टे करके उस मुद्रा पर दूध डालें और अमृत स्नान करें। इसे पंचगुरूमुद्रा कहते हैं।

(2) अग्नि मुद्रा–बायें हाथ की कनिष्ठा अंगुली पर दायें हाथ की कनिष्ठा को रखें और दायें हाथ की अनामिका एवं मध्यमा को बायें हाथ की कनिष्ठा के नीचे से निकालकर बायें हाथ की मध्यमा एवं अनामिका के ऊपर रखें और दायें हाथ की तर्जनी अंगुली को बायें हाथ के नीचे से निकालकर बायें हाथ के अंगुष्ठ एवं तर्जनी अंगुली से भिड़ाकर तीनों को खड़ी कर उसमें कपूर पकड़ें और

मन्त्रपूर्वक जलावें। इसे अग्नि मुद्रा कहते हैं।

(3) सुरभि मुद्रा–पहले दोनों हाथों की अंगुलियों को परस्पर मिलाकर सब अंगुलियों को खड़ी करके दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली को बायें हाथ की मध्यमा अंगुली में लगावें और बायें हाथ की तर्जनी अंगुली को दाहिनी हाथ की मध्यमा में लगावें और दाहिने हाथ की अनामिका को बायें हाथ की अनामिका के ऊपर से बायें हाथ की कनिष्ठा को लगावें और बायें हाथ की अनामिका को दायें हाथ की कनिष्ठा में लगावें, यह सुरभि मुद्रा है। इस मुद्रा को जल मंडल में दिखावें और सकलीकरण करते समय इससे अग्नि शांत की जाती है।

(4) ज्ञानमुद्रा–योग्य आसन पर बैठकर बायें हाथ को नाभि के पास सीधा रखें और दाहिने हाथ में माला लेकर तर्जनी अंगुली और अंगुष्ठ से ध्यानपूर्वक माला जपने को ज्ञानमुद्रा कहते हैं।

(5) शंखमुद्रा–दाएँ हाथ की तर्जनी अंगुली को मोड़कर अंगूठे के नीचे दबावें और शेष अंगुलियों को सीधी लम्बी करें इसको शंखमुद्रा कहते हैं। इससे आचमन होता है।

(6) अंकुशमुद्रा–दोनों हाथों की अंगुलियों को परस्पर मिलाकर दोनों हाथों की तर्जनी अंगुलियों को खड़ी कर शेष अंगुलियों को मोड़ लेवें। इसको अंकुशमुद्रा कहते हैं। इससे अमृत स्नान किया जाता है। कोई-कोई इसी को गुरूमुद्रा भी कहते हैं।

इसी प्रकार इस 'मंडल विधान प्रारम्भ विधि एवं हवन विधि' पुस्तक के आधार से विद्वान-विधानाचार्य प्रत्येक सिद्धचक्र, इन्द्रध्वज, कल्पद्रुम, तीनलोक आदि विधानों को करावें। साथ ही विधानकर्ता जातिच्युत, अंगहीन आदि दोषों से दूषित न हों, सज्जाति, सद्गृहस्थ हों तो नियम से विधान का फल देश, राज्य, राष्ट्र में शांति, सुभिक्ष और मंगलस्वरूप होगा तथा धन, सुख और यश की प्राप्ति होकर परलोक में स्वर्ग सुख एवं परम्परा से मोक्ष सुख भी प्राप्त होगा इसमें कोई संदेह नहीं है। विधानाचार्य, विधानकर्ता और विधान देखने वाले सभी मनवांछित सिद्धि को प्राप्त कर आत्मसिद्धि को प्राप्त करें यही मेरा मंगल आशीर्वाद है और यही मंगल कामना है।

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि
श्री ज्ञानमती माताजी का संक्षिप्त-परिचय

–प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

जन्मस्थान–टिकैतनगर (बाराबंकी) उ.प्र.

जन्मतिथि–आसोज सुदी 15 (शरदपूर्णिमा) वि. सं. 1991, (22 अक्टूबर सन् 1934)

जाति–अग्रवाल दि. जैन, **गोत्र**–गोयल, **नाम**–कु. मैना

माता-पिता–श्रीमती मोहिनी देवी एवं श्री छोटेलाल जैन

आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत–ई. सन् 1952 में बाराबंकी में शरदपूर्णिमा के दिन

क्षुल्लिका दीक्षा–चैत्र कृ. 1, ई. सन् 1953 को महावीरजी अतिशय क्षेत्र (राज.) में आचार्यरत्न श्री देशभूषण जी महाराज से। नाम– क्षुल्लिका वीरमती

आर्यिका दीक्षा–वैशाख कृ. 2, ई. सन् 1956 को माधोराजपुरा (राज.) में चारित्रचक्रवर्ती 108 आचार्य श्री शांतिसागर जी की परम्परा के प्रथम पट्टाधीश आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज के करकमलों से।

साहित्यिक कृतित्व–अष्टसहस्री, समयसार, नियमसार, मूलाचार, कातंत्र-व्याकरण, षट्खण्डागम आदि ग्रंथों के अनुवाद/टीकाएं एवं 250 विशिष्ट ग्रंथों की लेखिका। सन् 1995 में अवध वि.वि. (फैजाबाद) द्वारा ''डी.लिट्.'' की मानद उपाधि से विभूषित।

तीर्थ निर्माण प्रेरणा–हस्तिनापुर में जंबूद्वीप तेरहद्वीप, तीनलोक आदि रचनाओं के निर्माण, शाश्वत तीर्थ अयोध्या का विकास एवं जीर्णोद्धार, प्रयाग-इलाहाबाद (उ.प्र.) में तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली तीर्थ का निर्माण, तीर्थंकर जन्मभूमियों का विकास यथा- भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदा-बिहार) में 'नंद्यावर्त महल' नामक तीर्थ निर्माण, भगवान पुष्पदंतनाथ की जन्मभूमि काकन्दी तीर्थ (निकट गोरखपुर-उ.प्र.) का विकास, भगवान पार्श्वनाथ केवलज्ञानभूमि अहिच्छत्र तीर्थ परतीस चौबीसी मंदिर, हस्तिनापुर में जम्बूद्वीप स्थल पर भगवान शांतिनाथ-कुंथुनाथ-अरहनाथ की 31-31 फुट उत्तुंग खड्गासन प्रतिमा, मांगीतुंगी में निर्माणाधीन 108 फुट उत्तुंग भगवान ऋषभदेव की विशाल प्रतिमा इत्यादि।

महोत्सव प्रेरणा–पंचवर्षीय जम्बूद्वीप महामहोत्सव, भगवान ऋषभदेव अंतर्राष्ट्रीय निर्वाण महामहोत्सव, अयोध्या में भगवान ऋषभदेव महाकुंभ मस्तकाभिषेक, कुण्डलपुर महोत्सव, भगवान पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक तृतीय सहस्राब्दि महोत्सव, दिल्ली में कल्पद्रुम महामण्डल विधान का ऐतिहासिक आयोजन इत्यादि। **विशेषरूप से 21 दिसम्बर 2008 को जम्बूद्वीप स्थल पर विश्वशांति अहिंसा सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन भारत की राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभादेवीसिंह पाटील द्वारा किया गया।**

शैक्षणिक प्रेरणा–'जैन गणित और त्रिलोक विज्ञान' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन, इतिहासकार सम्मेलन, न्यायाधीश सम्मेलन एवं अन्य अनेक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार आदि।

रथ प्रवर्तन प्रेरणा–जम्बूद्वीप ज्ञानज्योति (1982 से 1985), समवसरण श्रीविहार (1998 से 2002), महावीर ज्योति (2003-2004) का भारत भ्रमण।

इस प्रकार नित्य नूतन भावनाओं की जननी पूज्य माताजी चिरकाल तक इस वसुधा को सुशोभित करती रहें, यही मंगल कामना है।

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान-संक्षिप्त परिचय

–पीठाधीश क्षुल्लक मोतीसागर

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान की स्थापना पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमतीमाताजी की प्रेरणा से सन् 1972 में राजधानी दिल्ली में हुई थी। संस्थान का मुख्य कार्यालय सन् 1974 से हस्तिनापुर में प्रारंभ हुआ। इस संस्थान के अन्तर्गत अनेक गतिविधियाँ हस्तिनापुर में तथा अन्यत्र चल रही हैं–

1. सन् 1972 से वीर ज्ञानोदय ग्रंथमाला के अन्तर्गत लाखों ग्रंथ प्रकाशित हो रहे हैं।

2. सन् 1974 से इस संस्थान के मुखपत्र के रूप में 'सम्यग्ज्ञान' हिन्दी मासिक पत्रिका का निरंतर प्रकाशन हो रहा है।

3. सन् 1974 से 1985 तक हस्तिनापुर में जम्बूद्वीप रचना का निर्माण कार्य हुआ।

4. सन् 1974 से अब तक जम्बूद्वीप रचना के अतिरिक्त अनेक जिनमंदिरों का निर्माण हुआ है– कमल मंदिर, तीन मूर्ति मंदिर, ध्यान मंदिर, शांतिनाथ मंदिर, वासुपूज्य मंदिर, ॐ मंदिर, सहस्रकूट मंदिर, विद्यमान बीस तीर्थंकर मंदिर, आदिनाथ मंदिर, अष्टापद मंदिर, ऋषभदेव कीर्तिस्तंभ, स्वर्णिम तेरहद्वीप रचना, नवग्रहशांति जिनमंदिर, तीन लेक रचना एवं श्री शांतिनाथ-कुंथुनाथ-अरहनाथ की 31-31 फुट उत्तुंग प्रतिमाओं की स्थापना ।

5. जम्बूद्वीप पुस्तकालय जिसमें लगभग 15000 ग्रंथ संग्रहीत हैं।

6. णमोकार महामंत्र बैंक जिसमें भक्तों द्वारा लिखकर भेजे गये करोड़ों णमोकार मंत्र जमा किये जाते हैं।

7. समय-समय पर शिक्षण-प्रशिक्षण शिविरों तथा संगोष्ठियों के आयोजन कियेजाते हैं।

8. यात्रियों के शुद्ध भोजन के लिए राजा श्रेयांस भोजनालय का संचालन।

9. यात्रियों के ठहरने के लिए आधुनिक सुविधायुक्त डीलक्स फ्लैट्स वाली कई धर्मशालाओं तथा कोठियों एवं बंगलों का निर्माण किया गया है।

10. जम्बूद्वीप परिक्रमा के लिए नौका विहार, ऐरावत हाथी तथा मनोरंजन हेतु मिनी ट्रेन, झूले आदि हैं।

11. ज्ञानमती कला मंदिरम् में हस्तिनापुर के प्राचीन इतिहास से संबंधित झाँकियाँ हैं।

12. तीर्थंकर जन्मभूमियों की वंदना एवं धार्मिक फिल्मों का प्रदर्शन करने को थियेटर से समन्वित गणिनी ज्ञानमती हीरक जयंती एक्सप्रेस।

दिल्ली, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हरिद्वार, झाँसी, तिजारा आदि से जम्बूद्वीप स्थल तकआने के लिए दिन भर बसें मिलती रहती हैं।

दि. जैन त्रिलोक शोध संस्थान के अन्तर्गत भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदा) बिहार में भव्य ''नंद्यावर्त महल'' तथा प्रयाग-इलाहाबाद (उ.प्र.) में निर्मित तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली तीर्थ का भी संचालन होता है।

जम्बूद्वीप एवं अन्य रचनाओं के दर्शन हेतु हस्तिनापुर पधारकर आध्यात्मिक एवं भौतिक सुख की प्राप्ति करें।

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला के शिरोमणि संरक्षक

1. श्रीमती निर्मला जैन ध.प. स्व. श्री प्रेमचन्द्र जैन, तत्पुत्र प्रदीप कुमार जैन, खारीबावली, दिल्ली-6।
2. श्रीमती सुमन जैन ध.प. श्री दिग्विजय सिंह जैन, इंदौर।
3. श्री महावीर प्रसाद जैन संघपति, जी-19, साऊथ एक्सटेन्शन, नई दिल्ली।
4. श्री महेन्द्र पाल हरेन्द्र कुमार जैन, सूरजमल विहार, दिल्ली।
5. श्रीमती मोहनी जैन ध.प. श्री सुनील जैन, प्रीत विहार, दिल्ली।
6. श्री देवेन्द्र कुमार जैन (धारूहेड़ा वाले) गुड़गाँव (हरि.)।
7. श्रीमती शारदा रानी जैन ध.प. स्व. रिखबचंद जैन, बाहुबली एन्क्लेव, दिल्ली-92।
8. डॉ. देवेन्द्र कुमार जैन, भोपाल (म.प्र.)
9. श्रीमती संगीता जैन ध.प. श्री संजीव कुमार जैन, शेरकोट (बिजनौर) उ.प्र.
10. श्री अनिल कुमार जैन, दरियागंज, दिल्ली
11. श्री बी.डी. मदनाइक, मुम्बई
12. श्री धनकुमार जैन, बाहुबली एन्क्लेव, दिल्ली-92।
13. श्री जितेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती सुनीता जैन कोटड़िया, फ्लोरिडा, यू.एस.ए.
14. श्रीमती विमला देवी जैन ध.प. श्री ओमप्रकाश जैन, स्वालिक नगर, हरिद्वार (उत्तराखंड)।
15. श्री अमित जैन एवं संभव जैन सुपुत्र श्रीमती अनीता जैन ध.प. श्री मूलचंद जैन पाटनी, दिसपुर (कामरूप) आसाम।
16. श्रीमती अजित कुमारी जैन ध.प. श्री महेन्द्र कुमार जैन, ओबेदुल्लागंज (रायसेन) म.प्र.।
17. श्री नाभिकुमार जैन, जैन बुक डिपो, सी-4, पी.वी.आर. प्लाजा के पीछे, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली।

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला के परम संरक्षक

1. श्री माँगीलाल बाबूलाल पहाड़े, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)।
2. डॉ. प्रकाशचन्द्र जैन, 792 विवेकानंदपुरी, सिविल लाइन, सीतापुर (उ.प्र.)।
3. श्री सुमत प्रकाश जैन, गज्जू कटरा, शाहदरा, दिल्ली।
4. श्री सुनील कुमार जैन, द्वारा-सुनील टैक्सटाईल्स, सरधना (मेरठ) उ.प्र.।
5. श्री प्रकाश चंद अमोलक चंद जैन सर्राफ, सनावद (म.प्र.)।
6. श्री प्रद्युम्न कुमार जवेरी, रोकड़ियालेन, बोरीवली (वेस्ट) मुंबई।
7. श्रीमती उर्मिला देवी ध.प. श्री कान्ती प्रसाद जैन, ऋषभ विहार, दिल्ली।
8. श्रीमती उषा जैन ध.प. श्री विमल प्रसाद जैन, ऋषभ विहार, दिल्ली।
9. श्री आनन्द प्रकाश जैन (सौरम वाले) , गांधीनगर, दिल्ली।
10. श्रीमती सरिता जैन ध.प. श्री राजकुमार जैन, किदवई नगर, कानपुर।
11. स्व. श्रीमती कैलाशवती ध.प. श्री कैलाश चन्द्र जैन , तोपखाना बाजार, मेरठ।
12. श्री भानेन्द्र कुमार जैन, द्वारा-श्री विद्या जैन, भगत सिंह मार्ग, जयपुर।
13. श्री प्रदीप कुमार शान्तिलाल बिलाला, अनूपनगर, इंदौर, (म.प्र.)।
14. श्री सुरेशचंद पवन कुमार जैन, बाराबंकी (उ.प्र.)।
15. श्री नथमल पारसमल जैन, कलकत्ता-7।
16. श्रीमती स्व. शांताबाई ध.प. श्री कमलचंद जैन, सनावद (म.प्र.)।
17. श्री रूपचंद जैन कटारिया, दिल्ली
18. श्री आशु जैन, कालका जी, नई दिल्ली

विषयानुक्रमणिका

विषय	पृष्ठ
1. मंगलाष्टकस्तोत्रम्	1
2. संध्यावंदन	2
3. पूजामुख विधि	8
4. सकलीकरण विधि	11
5. पंचामृत अभिषेक पाठ	14
6. शांतिधारा	23
7. अभिषेक के अनन्तर करने योग्य क्रियाएँ	26
8. नवग्रहशांति मंत्र	29
9. नवदेवता पूजा	30
10. पूजा अन्त्य विधि	35
11. ध्वजारोहण विधि	40
12. अंकुरारोपण विधि	43
13. घटयात्रा विधि	48
14. महामंडलाराधना	51
15. सिद्ध पूजा	56
16. सर्वसाधु पूजा	60
17. स्वस्तययन विधानम्	63
18. यज्ञदीक्षा विधान	65
19. भूमिशोधन	67
20. मंडप प्रतिष्ठा विधान	72
21. कुमुदादिद्वारपालानुकूलनं	73
22. जाप्यानुष्ठान प्रारम्भ विधि	75
23. हवन विधि	78
24. रथचालन विधि	99
25. मंगलाष्टकं	100

26. पुण्याहवाचन	102
27. व्रत ग्रहण करने का संकल्प	104
28. व्रत समापन विधि	104
29. उद्यापन के समय व्रत	104
30. निष्ठापन विधि	104
31. क्षेत्रपाल पूजा	107
32. अखण्डदीप प्रज्वालन का संकल्प मंत्र	109
33. तिलक लगाने का श्लोक	109
34. महाशांतिधारा	110
35. मंदिर एवं वेदी शुद्धि हेतु घटयात्रा और शुद्धि विधान विधि	120
36. शिलान्यासविधि	134
37. श्री विनायकयंत्र पूजा	141
38. 1008 कलश मांडने का नक्शा	149
39. 108 कलश मांडने का नक्शा	150
40. गणधर, सामान्य व तीर्थंकर कुण्ड	151
41. गंध यंत्रम तथा अग्नि मंडल का नक्शा	152
42. ध्वज गीत	153
43.	
44.	
45. पद्मावती माता की गोद भरने का भजन	154
46. लक्ष्मी माता की पूजन	157

मंगलाष्टक

श्रीमन्नम्रसुरासुरेन्द्रमुकुटप्रद्योतरत्नप्रभा ,
भास्वत्पादनखेन्दवः प्रवचनांभोधींदवः स्थायिनः।
ये सर्वे जिनसिद्धसूर्यनुगतास्ते पाठकाः साधवः,
स्तुत्या योगिजनैश्च पंचगुरवः कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।1।।

सम्यग्दर्शन बोधवृत्तममलं रत्नत्रयं पावनं,
मुक्तिश्रीनगराधिनाथजिनपत्युक्तोपवर्गप्रदः ।
धर्मः सूक्तिसुधाश्च चैत्यमखिलं चैत्यालयं श्यालयं,
प्रोक्तं च त्रिविधं चतुर्विधममी कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।2।।

नाभेयादिजिनाधिपास्त्रिभुवनख्याताश्चतुर्विंशतिः,
श्रीमंतो भरतेश्वरप्रभृतयो ये चक्रिणो द्वादश।
ये विष्णु-प्रतिविष्णु-लांगलधराः सप्तोत्तरार्विंशति–
स्त्रैकाल्ये प्रथितास्त्रिषष्टिपुरुषाः कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।3।।

देव्योऽष्टौ च जयादिका द्विगुणिता विद्यादिका देवताः,
श्रीतीर्थंकरमातृकाश्च जनका यक्षाश्च यक्ष्यस्तथा।
द्वात्रिंशत्त्रिदशाधिपास्तिथिसुरा दिक्कन्यकाश्चाष्टधा,
दिक्पाला दश चेत्यमी सुरगणाः कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।4।।

ये सर्वौषधऋद्धयः सुतपसो वृद्धिंगताः पंच ये,
ये चाष्टांगमहानिमित्तकुशला येऽष्टाविधाश्चारणाः!
पंचज्ञानधरास्त्रयोऽपि बलिनो ये बुद्धिऋद्धीश्वराः,
सप्तैते सकलार्चिता गणभृतः कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।5।।

कैलासे वृषभस्य निर्वृतिमही वीरस्य पावापुरे,
चंपायां वसुपूज्यसज्जिनपतेः सम्मेदशैलेऽर्हतां।
शेषाणामपि चोर्जयंतशिखरे नेमीश्वरस्यार्हतो,
निर्वाणावनयः प्रसिद्धविभवाः कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।6।।

ज्योतिर्व्यन्तरभावनामरगृहे मेरौ कुलाद्रौ तथा,
जंबूशाल्मलिचैत्यशाखिषु तथा वक्षाररूप्याद्रिषु।
इष्वाकारगिरौ च कुंडलनगे द्वीपे च नंदीश्वरे,
शैले ये मनुजोत्तरे जिनगृहाः कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।7।।

यो गर्भावतरोत्सवो भगवतां जन्माभिषेकोत्सवो,
यो जातः परिनिष्क्रमेण विभवो यः केवलज्ञानभाक्।
यः कैवल्यपुरप्रवेशमहिमा संभावितः स्वर्गिभिः,
कल्याणानि च तानि पंच सततं कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।8।।

इत्थं श्रीजिनमंगलाष्टकमिदं सौभाग्यसंपत्प्रदं,
कल्याणेषु महोत्सवेषु सुधियस्तीर्थंकराणामुषः।
ये शृण्वंति पठंति तैश्च सुजनैर्धर्मार्थकामान्विता,
लक्ष्मीराश्रयते व्यपायरहिता निर्वाणलक्ष्मीरपि।।9।।

।।इति श्री मंगलाष्टकम्।।

संध्यावंदन

–शम्भु छंद–

पूर्वाण्ह समय पावन जल से, निज हाथ-पैर-मुख धो करके।
वर्णोत्तम श्रावक पूर्व दिशा में, मुख कर बैठे आसन से।।
गुरुवर से कहे मंत्र से नित, संध्यावदंन जो करते हैं।
वे धर्मध्यान में रत मानव, नित स्वस्थ सुखी ही रहते हैं।।1।।

(दोनों हाथ जोड़कर ऐसा संकल्प करें।)

ॐ अद्य भगवतो महापुरुषस्य श्रीमदादिब्रह्मणो मते अत्र स्थाने अमुक[1]स्य प्रपौत्रः अमुकस्य[2] पुत्रः अमुकगोत्रजोऽहँ[3] अमुकनामा[4] प्रातःसंध्यां वंदनं करिष्ये।

ॐ श्वेतवर्णे सर्वोपद्रवहारिणी सर्वजनमनोरंजिनी परिधानोत्तरीये धारिणी हं हं झं झं वं वं सं सं तं तं परिधानोत्तरीये धारयामि स्वाहा।

(इस मंत्र को बोलते हुए धोती और दुपट्टा ये दो वस्त्र धारण करें।)

ॐ क्ष्वीं भूः शुद्ध्यतु स्वाहा।

(भूमि पर कुछ बूंद जल छिड़कें।)

ॐ ह्रीं अर्हं क्ष्मं ठं आसनं निक्षिपामि स्वाहा।

(आसन बिछावें।)

ॐ ह्रीं अर्हं ह्युं ह्यूं णिसिहि णिसिहि आसने उपविशामि स्वाहा।

(आसन पर बैठें।)

ॐ मम समस्तपापक्षयार्थं आयुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं पौर्वाण्हिक-संध्याचरणं करिष्ये।

(यह मंत्र बोलकर संकल्प करें।)

जलयंत्र बनाने की विधि–

जटांतौ विंदुसंयुक्तौ कला वं पं सुवेष्टितौ।
सोममध्ये लिखित्वांभो मध्ये स्नानादिकं चरेत्।।

1. बाबा का नाम लेवें। 2.पिता का नाम लेवें। 3. अपने गोत्र का नाम लेवें। 4. अपना नाम लेवें।

यह श्लोक बोलते हुए थाली या रकेबी में सीधे हाथ की मध्यमा उंगली से अर्धचंद्र बनावें। उसके बीच में झं ठं, अधोरेखा पर दक्षिण से 16 स्वर और ऊपर की रेखा पर मध्य में वं पं लिखें। उसमें थोड़ा पानी डालकर उसी से आगे के मंत्र बोलकर शुद्धि करें।

इवीं क्ष्वीं हं सः।

(यह मंत्र बोलकर जलयंत्र को सुरभि मुद्रा दिखाना।)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा इदं समस्ततीर्थनदीजलं भवतु स्वाहा।



(जलयंत्र है।)

ॐ ह्रीं लां पं व्हः पः इवीं क्ष्वीं स्वाहा।

(शंखमुद्रा से बिन्दुमात्र जल लेकर तीन बार मुंह में डालें।)

द्वादशांगस्पर्शन–

ॐ ह्रीं इवीं–इस मंत्र को पढ़कर सीधे हाथ के अंगूठे में मूल में पानी लगाकर मुख बंद कर तीन बार पोछें।

क्ष्वीं–यह मंत्र बोलकर अंगूठा एवं तर्जनी इन दोनों को मिलाकर शेष तीन उंगलियों से मुख का स्पर्श करें।

वं मं–यह मंत्र बोलते हुए अंगूठे और अनामिका को मिलाकर जल समेत क्रम से दायें-बायें नेत्र का स्पर्श करें।

हं सं–यह मंत्र बोलते हुए अंगूठा और देशनी अंगुली से दायें-बायें नासा का स्पर्श करें।

तं पं–यह मंत्र बोलते हुए अंगूठा और कनिष्ठा अंगुली से क्रम से दायें-बायें कान का स्पर्श करें।

द्रां–इस मंत्र को बोलते हुए अंगूठे से नाभि का स्पर्श करें।

द्रीं–इस मंत्र को बोलकर हाथ के तल भाग से हृदय का स्पर्श करें।

हं सः–इस मंत्र को बोलते हुए दाहिने हाथ की सर्व अंगुलियों के अग्रभाग से क्रम से दाहिनी एवं बायीं भुजा के अग्र भाग का स्पर्श करें।

स्वाहा–इस बीजपद को बोलते हुए सर्व अंगुलियों से शिर का स्पर्श करें।

(जल यंत्र का जल ले-लेकर इन मंत्रों से क्रम-क्रम से बारह अंगों का स्पर्श करना है।)

पुनः प्राणायाम विधि से णमोकार मंत्र को जपें।

णमोकार मंत्र को जपने की विधि–

अंगूठा और अनामिका से नाक के दोनों स्वरों को पकड़कर दक्षिण स्वर से हवा को ऊपर की ओर खींचने को पूरक कहते हैं, पूरक के समय महामंत्र 'णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं' इन दो पदों का स्मरण करना चाहिए।

पूरक द्वारा खींची हुई वायु को 'णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं' इन दोनों का स्मरण करते हुए धीरे-धीरे नाभि प्रदेश में रोकने को कुंभक कहते हैं। पुनः उस रोकी हुई वायु को 'णमो लोए, सव्व साहूणं' इस पद का स्मरण करते हुये धीर-धीरे बाहर निकालें, इसे रेचक कहते हैं।

अथवा—ॐ भूर्भुवः स्वः असि आ उ सा प्राणायामं करोमि स्वाहा।

(इस मंत्र का तीन बार उच्चारण कर कुंभक, पूरक और रेचक इन तीनों को करता हुआ प्राणायाम करें।)

पुनः अंकुशमुद्रा से जल लेकर मस्तक पर और सर्वांग पर जल डालते हुए यह मंत्र पढ़ें–

ॐ अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणि अमृतं स्रावय स्रावय सं सं क्लीं क्लीं ब्लूं ब्लूं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय स्वाहा।

(यह प्रोक्षण मंत्र है।) पुनः–

ॐ झं वं ह्वः पः हः स्वाहा। (दिगंजलिः)

इस मंत्र को बोलकर अंजुलि में जल जेकर सब दिशाओं में डाले।

पुनः ॐ ह्रीं अ सि आ उ सा नमः स्वाहा।

यह मंत्र पढ़कर पंचपरमेष्ठी को तीन बार जल से अर्घ देवें। पुनः आगे के 15 मंत्रों को क्रम से बोलते हुए दाहिने हाथ से थोड़ा-थोड़ा जल चढ़ाते हुए तर्पण करें–

1. ॐ ह्रीं अर्हद्भ्यः स्वाहा। 2. ॐ ह्रीं सिद्धेभ्यः स्वाहा। 3. ॐ ह्रीं सूरिभ्यः स्वाहा। 4. ॐ ह्रीं पाठकेभ्यः स्वाहा। 5. ॐ ह्रीं सर्वसाधुभ्यः स्वाहा। 6. ॐ ह्रीं जिनधर्मेभ्यः स्वाहा। 7. ॐ ह्रीं जिनागमेभ्यः स्वाहा। 8. ॐ ह्रीं जिनचैत्येभ्यः स्वाहा। 9. ॐ ह्रीं जिनचैत्यालयेभ्यः स्वाहा। 10. ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनेभ्यः स्वाहा। 11. ॐ ह्रीं सम्यग्ज्ञानेभ्यः स्वाहा। 12. ॐ ह्रीं सम्यक्चारित्रेभ्यः स्वाहा। 13. ॐ ह्रीं सम्यक्तपोभ्यः स्वाहा। 14. ॐ ह्रीं अस्मद् गुरुभ्यः स्वाहा। 15. ॐ ह्रीं अस्मद्विद्यागुरुभ्यः स्वाहा।

(इस प्रकार तर्पण मंत्र हुये) पुनः–

णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।।

(इस अपराजित मंत्र का 108 बार जाप करें अथवा 9 बार पढ़ें)

आर्याछंद–

पूर्व दिशा विदिशा में, केवलि जिन सिद्ध साधुगण जितने।
ऋद्धि सहित योगीश्वर, उन सबको नित्य मैं वंदूँ।।1।।

(यह श्लोक बोलकर पूर्व दिशा में तीन आवर्त एक शिरोनति करके नमस्कार करें। ऐसे ही दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशा में नमस्कार करें।)

दक्षिण दिशि विदिशा में, केवलि जिन सिद्ध साधुगण जितने।
ऋद्धि सहित योगीश्वर, उन सबको नित्य मैं वंदूँ।।2।।
पश्चिम दिश विदिशा में, केवलि जिन सिद्ध साधुगण जितने।
ऋद्धि सहित योगीश्वर, उन सबको नित्य मैं वंदूँ।।3।।
उत्तर दिश विदिशा में, केवलि जिन सिद्ध साधुगण जितने।
ऋद्धि सहित योगीश्वर, उन सबको नित्य मैं वंदूँ।।4।।

(इसके बाद बने हुए गंध यंत्र में चंदन रखकर या गंध यंत्र बनाकर उस चंदन को लेकर दाहिने हाथ की अनामिका से आगे के एक-एक मंत्र बोलते हुए उन-उन स्थानों में चंदन का तिलक लगावें।)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः णमो अरिहंताणं रक्ष रक्ष स्वाहा।
(ललाट में तिलक लगावें।)
ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः णमो सिद्धाणं रक्ष रक्ष स्वाहा।
(हृदय में लगावें।)
ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः णमो आइरियाणं रक्ष रक्ष स्वाहा।
(दाहिनी भुजा में लगावें।)
ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः णमो उवज्झायाणं रक्ष रक्ष स्वाहा।
(बायीं भुजा में लगावें।)
ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः णमो लोए सव्व साहूणं रक्ष रक्ष स्वाहा।
(कंठ में लगावें।)
यह संध्यावंदन विधि पूर्ण हुई।

पूजामुखविधि

निःसंग हो हे नाथ! आप दर्श को आया।
स्नान त्रय से शुद्ध धौत वस्त्र धराया।।
त्रैलोक्य तिलक जिनभवन की वंदना करूँ।
जिनदेवदेव को नमूँ संपूर्ण सुख भरूँ।।1।।

(जिनमंदिर के निकट पहुँचकर यह श्लोक पढ़कर मंदिर को नमस्कार कर चारों दिशा में तीन-तीन आवर्त एक-एक शिरोनति करते हुए मंदिर की तीन प्रदक्षिणा देवें पुनः पैर धोकर अंदर प्रवेश करें।)

ॐ ह्रीं हुँ हूँ णिसिहि स्वाहा।

यह मंत्र बोलकर मंदिर में प्रवेश कर नीचे लिखा मंत्र पढ़कर हाथ धोवें। हाथ धोने का मंत्र—

ॐ ह्रीं असुजर सुजर स्वाहा।

पुनः हाथ जोड़कर दर्शन स्तोत्र पढ़ें–

हे नाथ! आप दर्श करके हर्ष हो रहा।
आनंद अश्रु झड़ रहे सब पाप धो रहा।।
जीवन सफल हुआ मैं आज धन्य हो गया।
प्रभु भक्ति से निज सौख्य में निमग्न हो गया।।2।।

पुनः ईर्यापथ शुद्धि करें–

पडिक्कमामि भंते। इरियावहियाए विराहणाए अणागुत्ते, अइगमणे, णिग्गमणे, ठाणे गमणे, चंकमणे, पाणुग्गमणे, बीजुग्गमणे, हरिदुग्गमणे, उच्चार-पस्सवण खेलसिंघाणवियडिपइट्ठावणियाए जे जीवा एइंदिया वा, बेइंदिया वा, तेइंदिया वा, चउरिंदिया वा, पंचिंदिया वा, णोल्लिदा वा, पेल्लिदा वा, संघट्टिदा वा, संघादिदा वा, उद्दाविदा वा, परिदाविदा वा, किरिंच्छिदा वा, लेस्सिदा वा, छिंदिदा वा, भिंदिदा वा, ठाणदो वा, ठाणचंकमणदो वा, तस्स उत्तरगुणं तस्स पायच्छित्तकरणं तस्स विसोहिकरणं, जाव अरहंताणं भयवंताणं पज्जुवासं करेमि ताव कायं पावकम्मं दुच्चरियं वोस्सरामि।

(9 बार णमोकार मंत्र का जाप करें।)

इच्छामि भंते। आलोचेउं इरियावहियस्स पुव्वुत्तर-दक्खिणपच्छिम-चउदिसु विदिसासु विहरमाणेण जुगंतरदिट्ठिणा भव्वेण दट्ठव्वा। पमाददोसेण डबडबचरियाए पाणभूदजीवसत्ताणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

ॐ क्ष्वीं भूः शुद्ध्यतु स्वाहा। (बैठने की जगह जल छिड़कें।)

ॐ ह्रीं क्ष्वीं आसनं निक्षिपामि स्वाहा। (आसन बिछावें।)

ॐ ह्रीं ह्यूं ह्यूं णिसिहि आसने उपविशामि स्वाहा।(आसन पर बैठें।)

ॐ ह्रीं मौनस्थिताय स्वाहा (मौन ग्रहण करें अर्थात् पूजा-पाठ के सिवाय अन्य बातें न करें।)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते श्रीमते पवित्रतरजलेन पात्रशुद्धिं करोमि स्वाहा। (पूजा के बर्तन धोवें या उन पर जल छिड़कें।)

ॐ ह्रीं अर्हं झ्रौं वं मं हं सं तं पं इवीं क्ष्वीं हं सः असि आ उसा समस्त तीर्थ पवित्रजलेन शुद्धपात्रनिक्षिप्तपूजाद्रव्याणि शोधयामि स्वाहा।

(पूजा सामग्री पर जल छिड़कें।)

अथकृत्यविज्ञापना–

भगवन्! नमोऽस्तु ते एषोऽहं जिनेन्द्रपूजावंदनां कुर्याम्।

पुनः सामायिक स्वीकार करें—

–बसंततिलका छंद–

संसार के भ्रमण से अति दूर हैं जो।
ऐसे जिनेन्द्र पद में नित ही नमूँ मैं।।
संपूर्ण सिद्धगण को सब साधुओं को।
वंदूं सदा सकल कर्म विनाश हेतू।।1।।
है साम्यभाव सब प्राणी में हमारा।
है ना कभी किसी से मुझे वैर किंचित्।।
संपूर्ण आश तज के शुभभाव धारूँ।
संसार दुःख हर सामायिक करूँ मैं।।2।।

पुनः कार्य का विज्ञापन करें—

भगवन्! नमोस्तु प्रसीदंतु प्रभुपादा वंदिष्येऽहं। एषोऽहं तावच्च सर्वसावद्ययोगाद्विरतोस्मि।

अथ जिनेन्द्रपूजावंदनायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजा-वंदनास्तवसमेतं श्रीमद्सिद्धभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

णमो अरहंताणं णमो सिद्धांणं णमो आइरियाणं।
ण्मो उवज्झायाणं णमो लोए सव्व साहूणं।।

चत्तारि मंगलं, अरहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहुमंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मोमंगल, चत्तारि लोगुत्तमा, अरहंत लोगुत्तमा सिद्ध लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरहंतसरणं पव्वज्जामि, सिद्धसरणं पव्वज्जामि, साहुसरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तो धम्मोसरणं पव्वज्जामि।

जाव अरहंताणं भयवंताणं पज्जुवासं करेमि ताव कायं पावकम्मं दुच्चरियं वोस्सरामि। (9 बार णमोकार मंत्र का जाप्य।)

थोस्सामि हं जिणवरे तित्थयरे केवली अणंतजिणे।
णरपवरलोयमहिये विहुयरयमले महप्पण्णे।।
लोयस्सुज्जोययरे धम्मं तित्थंकरे जिणे वंदे।
अरहंते कित्तिस्से चउवीसं चेव केवलिणो।।1।।

सिद्धभक्ति–

तवसिद्धे णयसिद्धे संजमसिद्धे चरित्तसिद्धे य।
णाणम्हि दंसणह्मि य सिद्धे सिरसा णमंसामि।।2।।

ॐ ह्रीं सर्वाण्हयक्ष प्रमुखदेवा आहूतार्चिताः सर्वे स्वस्थानं गच्छत गच्छत जः जः जः। इति विसर्जनमंगलेषु पुष्पांजलिं विकीर्य देवता विसर्जयेत्।

अंकुरों से पूजा–

–शेर छंद–

हन घाति प्रगट निरवधी दृक् ज्ञानवीर्य सुख।
कल्याण पांच चौंतिस अतिशय कहें प्रमुख।।
पुण्यांकुरों से आज यहां श्री जिनेन्द्र को।
बहुपुण्य अंकुरों के लिये मैं जजूँ उनको।।9।।

ॐ ह्रीं नमः परमकल्याणकेभ्यः स्वाहा। इत्यंकुरैरभ्यर्चयेत्।

प्रमादाज्ज्ञानदर्पाद्यैर्विहितं विहितं न यत्।
जिनेंद्रास्तु प्रसादात्ते सकलं सकलं च तत्।।

क्षमापणपुरः सरं पंचांगप्रणामः।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः असि आ उसा स्वस्थानं गच्छ गच्छ जः जः जः।
इति विसर्जनं।

घटयात्रा विधि

समस्त उद्यापन विधानों के लिये जलयात्रा (घटयात्रा) का विधान यह है कि सौभाग्यवती स्त्रियाँ तूल में लिपटे और कलावा से सुसंस्कृत नारियलों से ढके कलश जलाशय के पास ले जावें। जलाशय के पूर्वभाग या उत्तर भाग में भूमि को जल से धोकर पवित्र करें। पश्चात् उस भूमि में चावलों से चौक बनाकर चावलों का पुंज रखे और कलशों को उन पुंजों पर स्थापित कर दें। चौक के चारों कोनों पर दीपक जलाना चाहिये। पुनः नीचे लिखी विधि करके कुएं से जल निकालें।[1]

श्री जिनेन्द्रदेव का 108 कलशों द्वारा महाभिषेक करने के लिये जलयात्रा में इसी विधि से जल लाना चाहिये। वेदी शुद्धि के लिये भी यही विधि करना चाहिये। कलश लेकर कुएं पर पहुँच कर महामंत्र पढ़कर निम्न विधि करनी चाहिये–

–शेर छंद–

जो जैन मार्ग सदृश विमल नीर से भरे।
पद्मादि सरोवर से सुधाशीत गुण धरे।।
जल गंध अक्षतादि अर्घ को समर्प्य के।
संसार तपन दूर करूं हर्ष हर्ष के।।1।।

ॐ ह्रीं पद्माकराय अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा।

(पढ़कर जलाशय-कुएं पर अर्घ चढ़ावें।)

श्री आदि देवियाँ जिनेन्द्रमात सेवतीं।
कुल नग के पद्म आदि सरवरों पे निवसतीं।।जल.।।2।।

ॐ ह्रीं श्रीप्रभृतिदेवताभ्यः इदं जलादि अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा।

(यहाँ से जलाशय पूजा करें।)

गंगादि देवियां सदा मंगलस्वरूप हैं।
गंगादि नदी में रहें जिनभक्ति युक्त हैं।।जल.।।3।।

ॐ ह्रीं गंगादिदेवीभ्यः इदं जलादि अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा।

1. व्रततिथि निर्णय पृ. 40 से 42 तक श्लोकों का भाषा पद्यानुवाद है।

सीतानदी संबंधि महाह्रद में जो रहें।
ये नागकुमर देव पापमल को धो रहे।।
जल गंध अक्षतादि अर्घ को समर्प्य के।
संसार तपन दूर करूं हर्ष हर्ष के।।4।।

ॐ ह्रीं सीताविद्धमहाह्रददेवेभ्यः इदं जलादि अर्घ्यं समर्पयामि स्वाहा ।

सीतोदनदी मध्य महाह्रद में जो रहें।
ये नागकुमार धर्मनिष्ठ पाप धो रहे।।जल.।।5।।

ॐ ह्रीं सीतोदाविद्धमहाह्रददेवेभ्यः इदं जलादि अर्घ्यं ... ।

लवणोदधी कालोदधी में तीर्थ जो कहे।
मागध प्रभास वरतनू सुरगण वहां रहें।।जल.।।6।।

ॐ ह्रीं लवणोदकालोदमागधादितीर्थदेवेभ्यः इदं जलादि अर्घ्यं ... ।

सीता व सीतोदा नदी के तीर्थ जो कहे।
मागध प्रभास वरतनू सुरगण वहां रहें।।जल.।।7।।

ॐ ह्रीं सीतासीतोदामागधादितीर्थदेवेभ्यः इदं जलादि अर्घ्यं ... ।

लवणोद आदि जलधि असंख्यात गिनाये।
इनमें रहें जो सुर जिनेंद्र भक्त बताये।।जल.।।8।।

ॐ ह्रीं संख्यातीतसमुद्रदेवेभ्यः जलादि अर्घ्यं ... ।

जो लोक में प्रसिद्ध श्रेष्ठ तीर्थ मान्य हैं।
नंदीश्वरादि वापि में सुरगण प्रधान हैं।।जल.।।9।।

ॐ ह्रीं लोकाभिमत तीर्थदेवेभ्यः जलादि अर्घ्यं ... ।

इस श्लोक को बोलकर कुएँ से जल निकालकर बड़े बर्तन में भरना।

गंगादि व श्री आदि देवियां प्रसिद्ध हैं।
मागध प्रभास आदि जलधि के अधीश हैं।।
सरवर के देव अन्य जलाशय के देव भी।
ये नीर शुद्ध करें आयके यहां अभी।।10।।

पुनः निम्नलिखित मंत्र बोलकर कलशों में भरना–

ॐ ह्रीं श्रीह्रीधृतिकीर्तिबुद्धिलक्ष्मीशांतिपुष्टयः श्रीदिक्कुमार्यो जिनेंद्र-महाभिषेककलशमुखेषु एतेषु नित्यविशिष्टा भवत भवत स्वाहा।

पुनः निम्न श्लोक पढ़कर जलशुद्धि करें। विसर्जन कर जल से भरे कलशों को सौभाग्यवती स्त्रियों अथवा कन्याओं द्वारा ले आवें। कलशों की संख्या[1] 9 है।

ये तीर्थनीर से भरे स्वर्णीय कुंभ हैं।
श्रीआदि देवियों से सहित पुण्य कुंभ हैं।।
जय जय निनाद करके पूर्ण कुंभ उठाऊँ।
मस्तक पे धरके लायके जिनवर को न्हवाऊँ।।11।।

यदि यहाँ वेदी शुद्धि के लिये घटयात्रा से जल ला रहे हों तो अंतिम चरण में ऐसा बोलना चाहिये–

(मस्तक पे धरके लाऊं वेदी शुद्धि कराऊँ)

इति घटयात्रा विधिः

1. 108 कलशों की घटयात्रा में भी यही विधि करें।

अथ महामंडलाराधना

जिनानामपि सिद्धानां महर्षीणां समर्चनात्।
पाठात्स्वस्त्ययनस्यापि मनःपूर्वं प्रसादये।।1।।

मनः प्रसत्तिसूचनार्थं अर्चनापीठाग्रतः पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

अर्हन्त पूजा

स्थापना–गीता छंद

अरिहंत प्रभु ने घातिया को घात निज सुख पा लिया।
छ्यालीस गुण के नाथ अठरह दोष का सब क्षय किया।।
शत इंद्र नित पूजें उन्हें गणधर मुनी वंदन करें।
हम भी प्रभो! तुम अर्चना के हेतु अभिनन्दन करें।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः हे अर्हत्परमेष्ठिन्! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं अर्हन् नमः हे अर्हत्परमेष्ठिन्! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रीं अर्हन् नमः हे अर्हत्परमेष्ठिन्! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

–बसन्ततिलका छंद–

श्रीमज्जिनेंद्र पद में जलधार देऊं।
आतंकपंक जग का सब दूर होवे।।
इच्छानुसार फलदायक कल्पतरू ये।
पूजा जिनेन्द्रप्रभु की त्रय ताप नाशे।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः परमेष्ठिभ्यः स्वाहा। (जलं निर्वपामीति स्वाहा।)

काश्मीरि केशर सुचंदन को घिसाऊँ।
चर्चूं जिनेन्द्र पदपंकज में रुचि से।।
संसार के सकल ताप विनाश करती।
पूजा जिनेन्द्र प्रभु की सब सौख्य देती।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः परमात्मकेभ्यः चंदनं ... ।

जो कुंदपुष्प कलियों सम दीखते हैं।
धोये सु तंदुल लिये भर थाल में हैं।।

अर्हंत सन्मुख रखूँ बहु पुंज नीके।
पाथेय मोक्षपथ में जन के लिये हो।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः अनादिनिधनेभ्यः अक्षतं ... ।

मल्ली गुलाब वर पुष्प सुगंधि करते।
अर्हंत के चरण में रुचि से चढ़ाऊँ।।
पापान्धकूप मधि डूब रहे जनों को।
उद्धार हेतु जिनपूजन ही जगत् में।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः सर्वनृसुरासुरपूजितेभ्यः पुष्पं ... ।

शालीय ओदन सुगंधित भोज्यवस्तु।
पीयूष तुल्य चरू लेकर थाल भरके।।
अर्हंत सन्मुख चढ़ा क्षुध व्याधि नाशूँ।
तृप्ती अनंत जिनपूजन से मिलेगी।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः अनंतज्ञानेभ्यः नैवेद्यं ... ।

जो चित्त का तमसमूह विनाश करके।
त्रैलोक्यगेह वर दीपक दीप ज्योति।।
ले दीप आरति करूँ वरज्ञानज्योति।
पाऊँ अनंत निजज्ञान विकास करके।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः अनंतदर्शनेभ्यः दीपं ... ।

जो धूप सुन्दर सुगंध बिखेरती है।
अग्नि विषे जलत धूम्र उड़ावती है।।
खेऊँ दशांगवर धूप जिनेन्द्र आगे।
संपूर्ण पाप जलते वर सौख्य होगा।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः अनंतवीर्येभ्यः धूपं ... ।

ये कल्पवृक्ष फल सम अति मिष्ट ताजे।
अमृत समान रस से परिपूर्ण दीखें।।
पूजा करूँ फल चढ़ाकर आपकी मैं।
स्वात्मैक सिद्धि फल प्राप्त करूँ इसी से।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः अनंतसौख्येभ्यः फलं ... ।

नीरादि आठ वर द्रव्य संजोय करके।
घंटा ध्वजा चंवर छत्र सुदर्पणादी।।
मांगल्य द्रव्य शुभ लेकर पूजते ही।
संपूर्ण मंगल मिले निज सौख्य पाऊँ।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः परममंगलेभ्यः अर्घ्यं ... ।

श्रीपूज्यपाद जिन के चरणाब्ज नमते।
संपूर्ण इंद्र शिर से अतिभक्ति भावे।।
श्री पूज्य के पदनिकट जलधार देते।
हो शांति लोक त्रय में मुझ भक्त को भी।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः स्वस्ति भद्रं भवतु जगतां शांतये शांतिधारां निष्पादयामि शांतिकृद्भ्यः स्वाहा।

(शांतिधारा करें)

जो इन्द्र भक्ति वश नेत्र हजार करके।
बारह हजार कर तांडव नृत्य करता।।
ऐसे जिनेन्द्रपद पुष्प चढ़ाय करके।
पूजा त्रिकाल कर अनुपम सौख्य पाऊँ।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हन् नमः ध्यातृभिः अभीप्सितफलेभ्यः स्वाहा।

(पुष्पांजलि चढ़ावें)

जयमाला

–दोहा–

श्री अरिहंत जिनेन्द्र का, धरूँ हृदय में ध्यान।
गाऊँ गुणमणिमालिका, हरूँ सकल अपध्यान।।1।।

–शम्भु छंद–

जय जय प्रभु तीर्थंकर जिनवर, तुम समवरण में राज रहे।
जय जय अर्हंत् लक्ष्मी पाकर, निज आत्मा में ही आप रहे।।

जन्मत ही दश अतिशय होते, तन में न पसेव न मल आदी।
पयसम सित रुधिर सु समचतुष्क, संस्थान संहनन है आदी।।1।।

अतिशय सुरूप, सुरभित तनु हैं, शुभ लक्षण सहस आठ सौ हैं।
अतुलित बल प्रियहित वचन प्रभो, ये दश अतिशय जन मन मोहें।।
केवल रविप्रगटित होते ही, दश अतिशय अद्भुत ही मानों।
चारों दिश इक-इक योजन तक, सुभिक्ष रहे यह सरधानो।।2।।

हो गगन गमन, नहिं प्राणीवध, नहिं भोजन नहिं उपसर्ग तुम्हें।
चउमुख दीखें सब विद्यापति, नहिं छाया नहिं टिमकार तुम्हें।।
नहिं नख औ केश बढ़े प्रभु के, ये दश अतिशय सुखकारी हैं।
सुरकृत चौदह अतिशय मनहर, जो भव्यों को हितकारी हैं।।3।।

सर्वार्ध मागधीया भाषा, सब प्राणी मैत्री भाव धरें।
सब ऋतु के फल औ फूल खिलें, दर्पणवत् भूरत्नाभ धरें।।
अनुकूल संगंधित पवन चले, सब जन मन परमानंद भरें।
रजकंटक विरहित भूमि स्वच्छ, गंधोदक वृष्टी देव करें।।4।।

प्रभु पद तल कमल खिलें सुन्दर, शाली आदिक बहु धान्य फलें।
निर्मल आकाश दिशा निर्मल, सुरगण मिल जय जयकार करें।।
अरिहंत देव का श्रीविहार, वर धर्मचक्र चलता आगे।
वसुमंगल द्रव्य रहें आगे, यह विभव मिला जग के त्यागे।।5।।

तरुवर अशोक सुरपुष्प वृष्टि, दिव्यध्वनि, चौंसठ चमर कहें।
सिंहासन भामंडल सुरकृत, दुंदुभि छत्रत्रय शोभ रहें।।
ये प्रातिहार्य हैं आठ कहे, औ दर्शन ज्ञान सौख्य वीरज।
ये चार अनंत चतुष्टय हैं, सब मिलकर छ्यालिस गुण कीरत।।6।।

क्षुध तृषा जन्म मरणादि दोष, अठदश विरहित निर्दोष हुए।
चऊ घाति घात नवलब्धि पाय, सर्वज्ञ प्रभु सुखपोष हुए।।
द्वादशगण के भवि असंख्यात, तुम धुनि सुन हर्षित होते हैं।
सम्यक्त्व सलिल को पाकर के, भव भव के कलिमल धोते हैं।।7।।

मैं भी भवदुःख से घबड़ा कर, अब आप शरण में आया हूँ।
सम्यक्त्व रतन नहिं लुट जावे, बस यही प्रार्थना लाया हूँ।।
संयम की हो पूर्ती भगवन्! औ मरण समाधी पूर्वक हो।
हो केवल 'ज्ञानमती' सिद्धी, जो सर्व गुणों की पूरक हो।।8।।

मोह अरी को हन हुए, त्रिभुवन पूजा योग्य।
नमो नमो अरिहंत को, पाऊँ सौख्य मनोज्ञ।।9।।

ॐ ह्रीं णमो अरिहंताणं अर्हत्परमेष्ठिभ्यः जयमाला अर्घ्यं....।

शांतये शांतिधारा, पुष्पांजलिः।

सिद्ध पूजा

स्थापना–गीताछंद

श्री सिद्ध परमेष्ठी अनंतानंत त्रैकालिक कहे।
त्रिभुवन शिखर पर राजते वह सासते स्थिर रहे।।
वे कर्म आठों नाश कर, गुण आठधर कृतकृत्य हैं।
कर थापना मैं पूजहूँ, उनको नमें नित भव्य हैं।।1।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिसमूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

–अथाष्टकं (पंचचामर छंद)–

अनादि से तृषा लगी न नीर से बुझी कभी।
अतः प्रभो त्रिधार देय नीर से जजूँ अभी।।
अनंत सिद्धचक्र की सदा उपासना करूँ।
स्व जन्म मृत्यु मल्ल जीत सिद्धि अंगना वरूँ।।1।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्धपरमेष्ठिभ्यः जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

अनंत काल राग आग दाह में जला हिया।
उसी कि शांति हेतु गंध लाय चर्ण चर्चिया।।अनंत.।।2।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्धपरमेष्ठिभ्यः संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षणेक सुक्ख हेतु मैं नमा सभी कुदेव को।
अखंड सौख्य हेतु शालि से जजूँ सुदेव को।।अनंत.।।3।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्धपरमेष्ठिभ्यः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

सुगंध पुष्पहार ले जजूँ समस्त सिद्ध को।
रतीश मल्ल जीत के लहूँ निजात्म सिद्धि को।।अनंत.।।4।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्धपरमेष्ठिभ्यः कामवाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पियूष पिंड के समान मोदकादि लेय के।
निजात्म सौख्य हेतु मैं जजूँ प्रमाद खोय के।।अनंत.।।5।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्धपरमेष्ठिभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुवर्ण दीप लेय नाथ पाद अर्चना करूँ।
समस्त मोह ध्वांत नाश ज्ञान ज्योति को भरूँ।।अनंत.।।6।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्धपरमेष्ठिभ्यः मोहांधकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

सुगंध धूप लेय अग्नि पात्र में प्रजालिये।
कलंक पंक ज्वाल के निजात्म को उजालिये।।अनंत.।।7।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्धपरमेष्ठिभ्यः अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अनार सेव संतरादि सत्फलों को लाइये।
स्व तीन रत्न हेतु नाथ पाद में चढ़ाइये।।अनंत.।।8।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्धपरमेष्ठिभ्यः मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरत्न को मिलाय अर्घ लेय थाल में भरे।
अनंत शक्ति हेतु आप चर्ण अर्चना करे।।अनंत.।।9।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्धपरमेष्ठिभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

–दोहा–

प्रभु पद में धारा करूँ, चउसंघ शांती हेत।
शांतीधारा जगत में, आत्यंतिक सुख हेत।।10।।

शांतिधारा।

चंपक हरसिंगार बहु, पुष्प सुगंधित सार।
पुष्पांजलि से पूजते, होवे सौख्य अपार।।11।।

पुष्पांजलिः।

जयमाला

–दोहा–

पुद्गल के संबंध से, हीन स्वयं स्वाधीन।
नमूँ नमूँ सब सिद्ध को, तिन पद भक्ति अधीन।।1।।

चाल–हे दीनबंधु.....

जय जय अनंत सिद्धवृंद मुक्ति के कंता।
जय जय अनंत भव्यवृंद सिद्धि करंता।।
जय जय त्रिलोक अग्रभाग ऊर्ध्व राजते।
जय नाथ! आप में हि आप नित्य राजते।।1।।

ज्ञानावरण के पाँच भेद को विनाशिया।
नव भेद दर्शनावरण को सर्व नाशिया।।
दो वेदनीय आठ बीस मोहनी हने।
चउ आयु नामकर्म सब तिरानबे हने।।2।।

दो गात्र अंतराय पाँच सर्व नाशिया।
सब इक सौ अड़तालीस कर्म प्रकृति नाशिया।।
ये आठ कर्मनाश मुख्य आठ गुण लिये।
फिर भी अनंतानंत सुगुणवृंद भर लिये।।3।।

इन ढाई द्वीप मध्य से ही मुक्ति पद मिले।
अन्यत्र तीन लोक में ना पूर्ण सुख मिले।।
सब ही मनुष्य मुक्त होते कर्मभूमि से।
अन्यत्र से भी मुक्त हों उपसर्ग निमित से।।4।।

पर्वत नदी समुद्र गुफा कंदराओं से।
वन भोग भूमि कर्मभू और वेदिकाओं से।।

जो मुक्त हुए हो रहे अरु होयेंगे आगे।
उन सर्व सिद्ध को नमूँ मैं शीश झुकाके।।5।।

नर लोक पैतालीस लाख योजनों कहा।
उतना प्रमाण सिद्धलोक का भी है रहा।।
अणुमात्र भी जगह न जहाँ मुक्त ना हुए।
अतएव सिद्धलोक सिद्धगण से भर रहे।।6।।

उत्कृष्ट सवा पाँच सौ धनु का प्रमाण हैं।
जघन्य साढ़े तीन हाथ का ही मान है।।
मध्यम अनेक भेद से अवगाहना कही।
उन सर्व सिद्धि को नमूँ वे सौख्य की मही।।7।।

निज आत्म जन्य निराबाध सौख्य भोगते।
निज ज्ञान से ही लोकालोक को विलोकते।।
निज में सदैव तृप्त सदाकाल रहेंगे।
आगे कभी भी वे न पुनर्जन्म लहेंगे।।8।।

उन सर्व सिद्ध की मैं सदा वंदना करूँ।
सर्वार्थसिद्धि हेतु सदा अर्चना करूँ।।
तुम नाममात्र भी निमित्त सर्व सिद्धि में।
अतएव नमूँ बारबार सर्व सिद्ध मैं।।9।।

-दोहा-

भूत भविष्यत संप्रती, तीन काल के सिद्ध।
उनकी पूजा जो करें लहें ''ज्ञानमती'' निद्ध।।10।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सर्वसिद्धपरमेष्ठिभ्यः जयमाला अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा, पुष्पांजलिः।

सर्वसाधु पूजा

स्थापना-गीताछंद

जो नित्य मुक्तीमार्ग रत्नत्रय स्वयं साधें सही।
वे साधु संसाराब्धि तर पाते स्वयं ही शिव मही।।
वहं पे सदा स्वात्मैक परमानंद सुख को भोगते।
उनकी करे हम अर्चना, वे भक्त मन मल धोवते।।1।।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिसमूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-नाराच छंद

साधु चित्त के समान स्वच्छ नीर लाइये।
साधु चर्ण धार देय पाप पंक क्षालिये।।
प्राकृतीक निर्विकार नग्नरूप को धरें।
मुक्तिवल्लभा तथापि शीघ्र आपको वरें।।1।।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिभ्यः जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वर्ण कांति के समान पीत गंध लाइये।
साधु चर्ण चर्चते समस्त ताप नाशिये।।प्राकृतीक.।।2।।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिभ्यः संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

चंद्र रश्मि के समान धौत शालि लाइये।
चर्ण के समीप पुंज देत सौख्य पाइये।।प्राकृतीक.।।3।।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिभ्यः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कल्पवृक्ष के सुगंधि पुष्प थाल में भरे।
कामदेव के जयी जिनेन्द्र-पाद में धरें।।प्राकृतीक.।।4।।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिभ्यः कामवाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पूरिका इमर्तियाँ सुवर्ण थाल में भरे।
भूख ब्याधि नाश हेतु आप अर्चना करें।।प्राकृतीक.।।5।।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्नदीप में कपूर ज्योति को जलाइये।
साधुवृंद पूजते सुज्ञान ज्योति पाइये।।प्राकृतीक.।।6।।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिभ्यः मोहांधकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट गंध अति सुगंध धूप खेय अग्नि में।
अष्ट कर्म भस्म होत आप भक्ति रंग में।।प्राकृतीक.।।7।।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिभ्यः अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सेव आम संतरा बदाम थाल में भरे।
पूजते हि आप चर्ण मुक्ति अंगना वरे।।प्राकृतीक.।।8।।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिभ्यः मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीर गंध आदि अष्ट द्रव्य अर्घ ले लिया।
सुख अनंत हेतु, आप चर्ण में समर्पिया।।प्राकृतीक.।।9।।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिभ्यः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–दोहा–

गुरु पद में धारा करूँ, चउ संघ शांति हेत।
शांतीधारा जगत में, आत्यंतिक सुख हेत।।10।।

शांतिधारा।

चंपक हरसिंगार बहु, पुष्प सुगंधित सार।
पुष्पांजलि से पूजते, होवे सौख्य अपार।।11।।

पुष्पांजलिः।

जयमाला

–दोहा–

चिच्चैतन्य सुकल्पतरु, आश्रय ले सुखकार।
शिवफल की वांछा करें, नमूँ साधु गुणधार।।

चाल–हे दीनबंधु ....

जैवंत साधुवृंद सकल द्वंद्व निवारें।
जैवंत सुखानंद स्वात्म तत्त्व विचारें।।
जै जै मुनीन्द्र नग्नरूप धार रहे हैं।
जै जै अनंत सौख्य के आधार भये हैं।।1।।

गुरुदेव अट्ठाईस मूलगुण को धारते।
उत्तर गुणों को शक्ति के अनुसार धारते।।
श्रुत का अभ्यास द्वादशांग तक भी कर रहें।
जिन रूप से ही मोक्षपद साकार कर रहें।।2।।

ग्रीषम ऋतू में पर्वतों पे ध्यान धरे हैं।
वर्षा ऋतू में वृक्षमूल में हि खड़े हैं।।
ठंडी ऋतू में चौहटे पे या नदी तटे।
निज आत्मा को ध्यावते शिवपथ से नहिं हटे।।3।।

बहु तप के भेद सिंह-निष्क्रीडितादि हैं।
उनकी सदा करें न तन से ममतआदि हैं।।
तप ऋद्धि बुद्धि ऋद्धि क्रिया विक्रिया ऋद्धी।
रस ऋद्धि औ अक्षीणऋद्धि औषधि ऋद्धी।।4।।

नाना प्रकार ऋद्धियों के नाथ हुए हैं।
सिद्धी रमा से भी वे ही सनाथ हुए हैं।।

इनके दरश से भव्य जीव पाप को हरें।
आहार दें नवनिधि समृद्धि पुण्य को भरें।।5।।
इनकी सदैव भक्ति से, जो वंदना करें।
वे मोहकर्म की स्वयं ही खंडना करें।।
मिथ्यात्व औ विषय कषाय दूर से टरें।
स्वयमेव भक्त निजानंद पूर से भरें।।6।।
गुणथान छठे सातवें से चौदहें तक भी।
संयत मुनी ऋषि साधु कहाते हैं सभी भी।।
वे तीनन्यून नव करोड़ संख्य कहे हैं।।
बस ढाई द्वीप में अधिक इतने ही रहे हैं।।।7।।
इन सर्व साधुओं की नित्य अर्चना करूँ।
त्रयकाल के भी साधुओं की वंदना करूँ।।
गुरूदेव! बार बार मैं ये प्रार्थना करूँ।
निजके ही तीन रत्न की बस याचना करूँ।।8।।

–दोहा–

नाम लेत ही अघ टले, सर्वसाधु का सत्य।
केवल 'ज्ञानमती' मिले, जो अनंतगुण तथ्य।।9।।

ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं सर्वसाधुपरमेष्ठिभ्यः जयमाला अर्घ्यं ...।
शांतये शांतिधारा। पुष्पांजलिः।

अथातः स्वस्त्ययनविधानं

–उपजाति छंद–

श्री पंचकल्याणमहार्हणार्हा, वागात्मभाग्यातिशयैरुपेताः।
तीर्थंकराः केवलिनश्च शेषाः, स्वस्तिक्रियां नो भृशमावहंतु।।1।।
ये शुद्धमूलोत्तरसद्गुणानां, आधारभावादनगारसंज्ञाः।
निर्ग्रंथवर्या निरवद्यचर्याः, स्वस्तिक्रियासुर्जगते हिता नः।।2।।

ये चाणिमाद्यष्टसविक्रियाढ्याः, तथाक्षयावासमहानसाश्च।
राजर्षयस्ते सुरराजपूज्याः, स्वस्तिक्रियासुर्जगते हिता नः।।3।।
ये कोष्ठबुद्ध्यादिचतुर्विधर्द्धि-रवापुरामर्षमहौषधर्द्धीः।
ब्रह्मर्षयो ब्रह्मणि तत्परास्ते, स्वस्तिक्रियासुर्जगते हिता नः।।4।।
जलादिनानाविधचारणा ये, ये चारणाग्न्यांबरचारणाश्च।
देवर्षयस्ते नतदेववृन्दाः स्वस्तिक्रियासुर्जगते हिता नः।।5।।
सालोकलोकज्जवलनैकतानं, प्राप्ताः परंज्योतिरनंतबोधम्।
सर्वर्षिवंद्याः परमर्षयस्ते, स्वस्तिक्रियासुर्जगते हिता नः।।6।।
श्रेणिद्वयारोहणसावधानाः, कर्मोपशांतिक्षपणप्रवीणाः।
ये ते समस्ता मुनयो महान्तः, स्वस्तिक्रियासुर्जगते हिता नः।।7।।
समग्रमध्यक्षमिताश्च देश-प्रत्यक्षमत्यक्षसुखानुरक्ताः।
मुनीश्वरास्ते जगदेकमान्याः, स्वस्तिक्रियासुर्जगते हिता नः।।8।।
उग्रं च दीप्तं च तपोभितप्तं, महच्च घोरं च तरां चरन्तः।
तपोधना निर्वृतिसाधनोक्ताः, स्वस्तिक्रियासुर्जगते हिता नः।।9।।
मनोवचःकायबलप्रकृष्टाः, स्पष्टीकृताष्टांगमहानिमित्ताः।
क्षीरामृतास्राविमुखा मुनीन्द्राः स्वस्तिक्रियासुर्जगते हिता नः।।10।।
प्रत्येकबुद्धप्रमुखा मुनीन्द्राः शेषाश्च ये ये विविधर्द्धियुक्ताः।
सर्वेऽपि ते सर्वजनीनवृत्ताः, स्वस्तिक्रियासुर्जगते हिता नः।।11।।

–शार्दूलविक्रीडित छंद–

शापानुग्रहशक्तिताद्यतिशयै-रुच्चावचैरंचिताः।
ये सर्वे परमर्षयो भगवतां, तेषां गुणस्तोत्रतः।।
एतत्स्वस्त्ययनादपैति सकलः, संक्लेशभावः शुभः।
भावः स्यात् सुकृतं च तच्छुभविधे-रादाविदं श्रेयसे।।12।।

इति स्वस्त्ययनं मनःप्रसादनविधानम्।

यज्ञ दीक्षा विधान

–बसंततिलका छंद–

अर्हंत सन्मुख धरी सब वस्तुयें हैं।
मंत्रित किया वर अनादि सुमंत्र से मैं।।
श्रीमान् गुरुवर निकट यह यज्ञ दीक्षा।
लेकर जिनेंद्रवर पूजन को करूँ मैं।।1।।

(चंदन, माला, मुकुट आदि प्रसाधन वस्तुयें एक पात्र में लेकर भगवान् के सन्मुख रखना, पुनः अनादि सिद्ध मंत्र बोलकर मंत्रित करके आगे के मंत्रों के अनुसार उन-उन वस्तुओं को ग्रहण करना या मंत्रित चंदन को उन-उन वस्त्र आदि में लगाते रहना।)

अनादि सिद्धमंत्र–

ॐ णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।।

चत्तारि मंगलं–अरहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहुमंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मोमंगल। चत्तारि लोगुत्तमा–अरहंत लोगुत्तमा, सिद्ध लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि–अरहंतसरणं पव्वज्जामि, सिद्धसरणं पव्वज्जामि, साहुसरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तो धम्मोसरणं पव्वज्जामि।

ॐ ह्रीं क्रों शांतिं कुरु कुरु स्वाहा।

नीचे लिखा मंत्र पढ़कर पहने हुए वस्त्रों का स्पर्श करना–

ॐ ह्रीं हूँ श्रीं नमः श्वेत वर्णे सर्वोपद्रवहारिणी सर्वजनमनोरंजिनी परिधानोत्तरीये धारणी हं हं झं झं वं वं सं सं तं तं पं पं परिधानोत्तरीयं धारयामि स्वाहा।

(वस्त्रावरणं)

ॐ ह्रीं परमपवित्राय नमः

(दाहिने हाथ की अनामिका में पवित्र-अंगूठी धारण करना।)

श्री चंदनानुलेपनं स्रग्धारणं च (चंदन लेपन कर माला पहनना)

जो दिव्यसूत्र वर भावश्रुत प्रकाशी।
ये ब्रह्मसूत्र वरमौलि व कुंडलादी।।
कंकण अंगूठि वर भूषण को पहन के।
जैनेंद्रपूजन करूँ अब इंद्र होके।।2।।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राय स्वाहा।

(यज्ञोपवीत पहनें।)

ॐ ह्रीं सम्यक्चारित्राय स्वाहा। (कुंडल और मुकुट धारण करना।)

ॐ ह्रीं सम्यग्ज्ञानाय स्वाहा। (कंकण धारण करना।)

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनाय स्वाहा। (अंगूठी पहनना।)

सम्यक्त्व ज्ञान अणुव्रत त्रयरत्न धारे।
एकाशनादि व्रत श्रेष्ठ सुब्रह्मचर्य।।
ये यज्ञपूर्ति तक कंकण सूत्र बाँधूँ।
''मैं इंद्र हूं'' यह विधान करूँ रुची से।।3।।

(अर्हंतदेव की यज्ञ दीक्षा को स्वीकार करता हूँ और दीक्षा के चिन्ह को धारण करता हूँ। इस प्रकार कमर मे कंदोरा और पुरुष के दाहिने हाथ में कंकण व महिलाओं के बायें हाथ मे कंकण बांधना। इसमें विधान पूर्ति तक एक बार शुद्ध भोजन, दूसरी बार फलाहार रखना रात्रि में चतुर्विध आहार का त्याग, व विधान पूर्ति तक ब्रह्मचर्य व्रत का नियम देना होता है।)

पुनः विधानाचार्य नीचे लिखा मंत्र बोलते हुए इक्कीस बार इंद्रों के मस्तक पर पुष्प क्षेपण करते हुए पूजकों को इंद्र बनायें–

ॐ वज्राधिपतये आं हां अः ऐं ह्रौं ह्रः श्रूं ह्रूं क्षः इंद्राय संवौषट्।

(इस मंत्र से इंद्र का संकल्प करें।)

यह यज्ञ दीक्षा विधान हुआ।

अथ भूमिशोधन

(मंडप शुद्धि)

–दोहा–

घंटां ताल मृदंग ध्वनि, दुंदुभि वाद्य बजंत।
जय जय मंगल ध्वनि करूँ, पुष्पांजलि विकिरंत।।1।।

ॐ घंटादिवाद्यं उद्घोषयामि स्वाहा।

(बाजों पर पुष्पांजलि क्षेपण कर घंटा, मंजीरा, ढोलक आदि बाजे बजाकर जय जय ध्वनि करें।)

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे नमो नमः। स्वस्ति स्वस्ति जीव जीव नंद नंद वर्धस्व-वर्धस्व विजयस्व विजयस्व अनुशाधि अनुशाधि पुनीहि पुनीहि पुण्याहं पुण्याहं मांगल्यं मांगल्यं पुष्पांजलिः। सोदकानि पुष्पाणि क्षिपेत्। (मंडल पर पुष्प क्षेपण करें।)

क्षेत्रपाल पूजा

–शेर छंद–

जिनयज्ञ में इस क्षेत्र की रक्षा सुकीजिये।
संपूर्ण विघ्न दूर करके शांति दीजिये।।
हे क्षेत्रपाल आइये निज भाग लीजिये।
आग्नेय दिश में थापूँ यहाँ पर ही तिष्ठिये।।2।।

ॐ ह्रीं क्षेत्रपाल! अत्र आगच्छ आगच्छ संवौषट्।

ॐ ह्रीं क्षेत्रपाल! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।

ॐ ह्रीं क्षेत्रपाल! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

ॐ ह्रीं अत्रस्थ क्षेत्रपालाय इंद जलं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा।

(आग्नेय दिशा में अर्घ चढ़ायें।)

संपूर्ण गेह में सदा निवास जो करें।
श्रीवास्तुदेव सर्व का उपकार वो करें।।

उन वास्तुदेव का यहाँ आह्वान मैं करूँ।
ईशान कोण में यहाँ वसु अर्घ मैं धरूँ।।3।।

ॐ ह्रीं वास्तुदेव! अत्र आगच्छ आगच्छ संवौषट्।

ॐ ह्रीं वास्तुदेव! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।

ॐ ह्रीं वास्तुदेव! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

ॐ ह्रीं वास्तुदेवाय इंद अर्घं पाद्यं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा।

(ईशान दिशा में अर्घ चढ़ायें।)

जिनदेव के विहार में तुम भक्ति से आते।
देवेन्द्र की आज्ञा से सुखद पवन चलाते।।
वायुकुमार देव! यज्ञ भूमि सोधिये।
निज यज्ञभाग लीजिये संतुष्ट होइये।।4।।

ॐ ह्रीं वायुकुमार देव महीं पूतां कुरु-कुरु हूँ फट् स्वाहा।

(दर्भ के पूले से भूमि का संमार्जन करें।)

ॐ ह्रीं वायुकुमाराय सर्वविघ्नविनाशनाय इंद अर्घं पाद्यं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतं स्वाहा। (पूर्व और ईशान दिशा के बीच में अर्घ चढ़ायें।)

जिनदेव के विहार में तुम भक्ति से आते।
सुरभित उदक की वृष्टि से अति हर्ष बढ़ाते।।
हे मेघकुमार देव! यज्ञभूमि सोधिये।
निज यज्ञ भाग लीजिये संतुष्ट होइये।।4।।

ॐ ह्रीं मेघकुमारदेव! धरां प्रक्षालय-प्रक्षालय अं हं सं वं झं ठं क्षः फट् स्वाहा। (दर्भ पूले से जल लेकर भूमि पर छिड़कें।)

ॐ ह्रीं मेघकुमाराय सर्वविघ्नविनाशनाय इंद अर्घं पाद्यं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतं स्वाहा। (पूर्व और ईशान दिशा के बीच में अर्घ चढ़ायें।)

संपूर्ण होम अग्नि में तुम पूज्य हुये हो।
निर्वाण की पूजा में अग्रगण्य हुये हो।।
अग्निकुमारदेव! यज्ञभाग लीजिये।
अग्निशिखा से यज्ञभूमि शुद्ध कीजिये।।6।।

ॐ ह्रीं अग्निकुमारदेव! भूमिं ज्वालय ज्वालय अं हं सं वं झं ठं क्षः फट् स्वाहा। (जलते हुये दर्भ के पूले से भूमि शुद्ध करें।)

ॐ ह्रीं अग्निकुमारदेवाय सर्वविघ्नविनाशनाय इंद अर्घं पाद्यं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा।

(पूर्व और ईशान दिशा के बीच में दर्भपूला या कपूर जलायें।)

ये साठ सहस नागकुमार देव विचरते।
जिनयज्ञ में भक्तों के सर्व विघ्न को हरते।।
ईशान दिशा में यहाँ जलांजली करूँ।
हे नागदेव आपको संतुष्ट मैं करूँ।।7।।

ॐ ह्रीं क्रों षष्टिसहस्रसंख्येभ्यो नागेभ्यः स्वाहा। इंद अर्घं पाद्यं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतं प्रतिगृह्यतां स्वाहा। (नागसंतपर्ण के लिये ईशान दिशा में जलांजलि देवें।)

(यहाँ पर पुण्याहवाचन करने का भी विधान है। मंदिर से अतिरिक्त स्थान पर यदि विधान के लिए मंडप बनाया है तो अवश्य ही पुण्याहवाचन करें। लघु पुण्याहवाचन आगे है वहाँ से लेवें।)

दिक्पाल अर्घ

(यह अर्घ मंडल पर ही चढ़ावें)

–दोहा–

पहले ब्रह्म प्रदेश में, पुनः पूर्वदिश आदि।
दर्भ स्थापन विधि करूँ, मंत्र सहित रुचिरादि।।2।।

प्रकृतक्रमविधि अवधानाय पुष्पांजलिः।

श्री जिनेन्द्र के यज्ञ में, ब्रह्म स्थान महान्।
विघ्नशांतिहित दर्भ अरु अर्घ्य करूँ सुख खान।।2।।

ॐ ह्रीं दर्पमथनाय नमः स्वाहा। ब्रह्मदर्भः।

(मंडल पर मध्य में दर्भ स्थापन कर पुष्पांजलि क्षेपण करें पुनः अर्घ चढ़ावे।)

ॐ ह्रीं अंनतज्ञानाय अनंतदर्शनाय अनंतवीर्याय अनंतसुखाय पूर्वदिङ्मुखे दर्भमवस्थापयामि नमः स्वाहा।

(पूर्व दिशा में दर्भ स्थापन पुष्पांजलिः अर्घ चढ़ावें।)

ॐ ह्रीं ब्रह्मणे स्वाहा, प्रजापतये स्वाहा, जिनाय स्वाहा, जिनोत्तमाय स्वाहा, धवाय स्वाहा, धवोत्तमाय स्वाहा, शुचिष्ठाशुचिष्ठेषु कोणाकोणेषु आग्नेयां दिशि दर्भं अवस्थापयामि स्वाहा।

(आग्नेय दिशा में दर्भ स्थापना आदि करें)

ॐ ह्रीं अनंतवीर्याय जितेंद्रियाय नमः दक्षिणस्यां दिशि दर्भं अवस्थापयामि स्वाहा। (दक्षिण दिशा में दर्भ स्थापना आदि करें)

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे नैऋत्यां दिशि दर्भं अवस्थापयामि स्वाहा।

(नैऋत्य दिशा में दर्भ स्थापित करें)

ॐ ह्रीं परममंगलाय परमपवित्राय परमनिर्वाणकारणाय अपरस्यां दिशि दर्भं अवस्थापयामि स्वाहा। (पश्चिम दिशा में दर्भ स्थापना करें)

ॐ ह्रीं पंचमहाकल्याणसंपूर्णाय वायव्यां दिशि दर्भं अवस्थापयामि स्वाहा। (वायव्यदिशा में दर्भ स्थापना करें)

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यनाथाय त्रिलोकमहिताय शुचिरत्नत्रयदर्शनकराय उत्तरस्यां दिशि दर्भं अवस्थापयामि स्वाहा। (उत्तर दिशा में दर्भ स्थापना करें)

ॐ ह्रीं नवकेवललब्धिसमन्विताय देवाधिदेवाय ऐशान्यां दिशि दर्भं अवस्थापयामि स्वाहा। (ईशान दिशा में दर्भ स्थापना करें)

ॐ ह्रीं क्रों फणालंकृत धरणेन्द्राय कूर्मवाहनसमन्विताय ईशानेंद्रमध्ये अधरस्यां दिशि दर्भं अवस्थापयामि स्वाहा।

(ईशान और पूर्व दिशा के बीच में दर्भ स्थापना करें)

ॐ ह्रीं क्रों हरिणलांछन समन्विताय सोमाय नैऋतवरुणमध्ये ऊर्ध्वायां दिशि दर्भं अवस्थापयामि स्वाहा।

(नैऋत्य और पश्चिम दिशा के बीच में दर्भ स्थापित करें)

भूमि देवता पूजा

ॐ ह्रीं नीरजसे नमः जलं। ॐ ह्रीं शीलगंधाय नमः चंदनं।
ॐ ह्रीं अक्षताय नमः अक्षतं। ॐ ह्रीं विमलाय नमः पुष्पं।
ॐ ह्रीं दर्पमथनाय नमः नैवेद्यं। ॐ ह्रीं ज्ञानोद्योताय नमः दीपं।
ॐ ह्रीं श्रुतधूपाय नमः धूपं। ॐ ह्रीं परमसिद्धाय नमः फलं।
ॐ ह्रीं भूर्भूमिदेवतायै भूम्यर्चनं करोमि स्वाहा अर्घ्यं।

अथ मंडप प्रतिष्ठा विधान

चाल–शेर–

ॐ मणिमयी स्तंभ से ऊँचा महामंडप।
दसविध ध्वजाओं से महारमणीय है मंडप।।
तोरण चंदोवा चंवर छत्र पुष्पहार से।
अतिशोभता मंगल कलश व धूप घटों से।।1।।

मंडपांतः पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

(मंडप के अन्दर सब तरफ और भूषण आदि वस्तुओं पर पृथक्-पृथक् चंदन से सहित पुष्पांजलि क्षेपण करें। पुनः मंडप पर पाँच मंगल कलश स्थापित करें।)

ये पंचरंग सूत्र सुपवित्र सूत्र है।
सूत्रोक्त तप्व के समान श्रेष्ठ सूत्र है।।
पूजन विधान मंडप को चार ओर से।
मैं तीन बार वेष्टित करता हूँ सूत्र से।।2।।

(इस मंडप को बाहर से पंचरंगी कलावा से तीन बार वेष्टित करें। इसे वेष्टित करते समय शांतिजिनं शशि–आदि शांति पाठ बोलने की परम्परा भी देखी जाती है।)

जिनवर समवसरण में शोभे श्रीमंडप।
उसके समान तीन लोक लक्ष्मी का मंडप।।
सब पापताप खंडे ऐसा है ये मंडप।
मैं अर्घ देय पूजूँ ये सौख्य का मंडप।।3।।

ॐ ह्रीं श्रीमंडपाय अर्घं समर्पयामि स्वाहा।

(मंडप के लिए अर्घ चढ़ायें)

अथ कुमुदादिद्वारपालानुकूलनं

–दोहा–

पूर्वादि चउ द्वार की, विधिवत् रक्षा हेतु।
कुमुद आदि सुर को जजूँ, निज पर मंगल हेतु।।

(तोरणों के पास आदि स्थानों में पुष्पांजलि क्षेपण करें।)

बहु धान्य अंकुरों से मंगल सुद्रव्य से।
मंगल कलश से शोभे वर स्वस्तिकादि से।।
जिनयज्ञ में सुवर्णदण्ड हाथ में धरें।
पूरब के कुमुद द्वारपाल विघ्न परिहरें।।2।।

ॐ ह्रीं कुमुदप्रतीहार! निजद्वारि तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः पुष्पांजलिः। इदं अर्घं पाद्यं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुँ दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा।

(पूर्व दिशा में पुष्पांजलि क्षेपण कर अर्घ चढ़ायें।)

बहु धान्य अंकुरों से मंगल सुद्रव्य से।
मंगल कलश से शोभे वर स्वस्तिकादि से।।
जिनयज्ञ में सुवर्ण दंड हाथ में धरें।
दक्षिण दिशा में अंजनसुर विघ्न परिहरें।।3।।

ॐ ह्रीं अंजन प्रतीहार। निजद्वारि तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः पुष्पांजलिः। इदं अर्घं पाद्यं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुँ दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा।

(दक्षिण दिशा में पुष्पांजलि क्षेपण कर अर्घ चढ़ावें।)

बहु धान्य अंकुरों से मंगल सुद्रव्य से।
मंगल कलश से शोभे वर स्वस्तिकादि से।।
जिनयज्ञ में सुवर्ण दंड हाथ में धरें।
पश्चिम दिशा में वामनसुर विघ्न परिहरें।।4।।

ॐ ह्रीं वामन प्रतीहार! निजद्वारि तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः पुष्पांजलिः। इदं अर्घं पाद्यं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुँ दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा।

(पश्चिम दिशा में पुष्पांजलि क्षेपण कर अर्घ चढ़ायें।)

बहुधान्य अंकुरों से मंगलसुद्रव्य से।
मंगल कलश से शोभे वर स्वस्तिकादि से।।
जिनयज्ञ में सुवर्णदंड हाथ में धरें।
उत्तर में पुष्पदंतदेव विघ्न परिहरें।।5।।

ॐ ह्रीं पुष्पदंतप्रतीहार। निजद्वारि तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः पुष्पांजलिः। इदं अर्घं पाद्यं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुँ दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा।

इति मंडपप्रतिष्ठा

जाप्यानुष्ठान प्रारंभ विधि

(जाप्य विधि के प्रारम्भ में मंगलाष्टक पढ़ें)

जटांतौ बिंदुसंयुक्तौ, कला वं पं सुवेष्टितम्।
सोममध्ये लिखित्वाम्भो, मध्ये स्नानादिकं चरेत्।।1।।

भावार्थ—एक रकेबी में अर्ध चन्द्र का आकार केशर से सीधे हाथ की मध्यमा अंगुली से बनायें, उसके बीच में झं ठं और अधोरेखा पर दक्षिणावर्त क्रम से 16 स्वर और ऊपर की रेखा पर मध्य में वं पं भी लिखें और उसमें निम्नलिखित मंत्र पढ़कर पानी डाल कर जल शुद्ध कर लें। पुनः उसी जल से आगे के मंत्रों द्वारा अपने अंगों की शुद्धि करें।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते गंगासिंध्वादिजलं पवित्रं कुरु कुरु झं झं झ्रौं झ्रौं वं वं मं मं हं हं क्षं क्षं लं लं पं पं द्रां द्रां द्रीं द्रीं हं सः स्वाहा।

(इति जल शुद्धि मंत्रः)

ॐ क्षां क्षीं क्षूं क्षः दर्भपूलेन भूमिशुद्धिं करोमि स्वाहा।

ॐ ह्रीं दर्भासने अहं उपविशामि स्वाहा।

(क्रम से अ सि आ उ सा को मस्तक, ललाट, नेत्र, कंठ और हृदय में धारण करें। आचार्य, सिद्ध, श्रुत, चारित्रादि भक्ति पढ़ें। अनंतर उपर्युक्त शुद्ध जल से निम्न मंत्रों द्वारा उन अवयवों को शुद्ध करें।)

ॐ ह्रां णमो अरहंताणं ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः।

(दोनों अंगूठे जल से शुद्ध करें)

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः।

ॐ ह्रूं णमो आइरियाणं ह्रूं मध्यमाभ्यां नमः।

ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं अनामिकाभ्यां नमः।

ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः कनिष्ठाभ्यां नमः।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः करतलाभ्यां नमः।

(हस्तपवित्रीकरणं)

ॐ ह्रां णमो अरहंताणं ह्रां मम शिरः रक्ष रक्ष स्वाहा।

(शिरसि जलं क्षिपेत्)

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं ह्रीं मम वदनं रक्ष रक्ष स्वाहा।

(मुखं प्रक्षालयेत्)

ॐ ह्रूं णमो आइरियाणं ह्रूं मम हृदयं रक्ष रक्ष स्वाहा।

(हृदयं प्रक्षालयेत्)

ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं मम नाभिं रक्ष रक्ष स्वाहा।

(नाभिं प्रक्षालयेत्)

ॐ ह्रः णमो लोए सव्व साहूणं ह्रः मम पादौ रक्ष रक्ष स्वाहा।

(आगे के मंत्रों से उन उन दिशा में पीली सरसों क्षेपण करता जाये)

ॐ ह्रां णमो अरहंताणं ह्रां पूर्वदिशागतविघ्नान् निवारय-निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा। (सर्षपं पूर्वदिशि क्षिपेत्)

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं ह्रीं दक्षिणदिशागतविघ्नान् निवारय-निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा। (सर्षपं दक्षिणदिशि क्षिपेत्)

ॐ ह्रूं णमो आइरियाणं ह्रूं पश्चिमदिशागतविघ्नान् निवारय-निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा। (सर्षपं पश्चिमदिशि क्षिपेत्)

ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं उत्तरदिशागतविघ्नान् निवारय-निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा। (सर्षपं उत्तरदिशि क्षिपेत्)

ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः सर्वदिशागतविघ्नान् निवारय-निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा। (सर्षपं सर्वदिक्षु क्षिपेत्)

ॐ ह्रां णमो अरहंताणं ह्रां मां रक्ष रक्ष स्वाहा। (सर्वांगरक्षणं)

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं ह्रीं मम वस्त्रं रक्ष रक्ष स्वाहा।

ॐ ह्रूं णमो आइरियाणं ह्रूं मम पूजाद्रव्यं रक्ष रक्ष स्वाहा।

ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं मम स्थलं रक्ष रक्ष स्वाहा।

ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः सर्वजगद् रक्ष-रक्ष स्वाहा।

ॐ अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणि अमृतं स्रावय-स्रावय सं सं क्लीं क्लीं ब्लूं ब्लूं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय हं झं झ्वीं क्ष्वीं हं सः असि आ उसा अर्हं नमः स्वाहा। (सर्वांगसेचनं– सर्वांगशुद्ध करना)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः सर्वदिशागतविघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा। (इति सर्वत्र सर्षपं क्षिपेत्)

ॐ नमोऽर्हते सर्वं रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा।

(इति परिचारक रक्षा)

ॐ हूँ फट् किरटिं घातय घातय पर विघ्नान् स्फोटय स्फोटय सहस्रखंडान् कुरु-कुरु आत्मविद्यां रक्ष-रक्ष परविद्यां छिंद छिंद परमंत्रान् भिंद भिंद क्षः फट् स्वाहा।

(इस मंत्र को मन में 21 बार पढ़कर सभी जाप्य करने वालों पर और उस स्थान पर सरसों क्षेपण करें।)

अथ संकल्पः–ॐ ह्रीं मध्यलोके जंबूद्वीपे भरतक्षेत्रे आर्यखंडे...देशे ...ग्रामे...देवशास्त्रगुरूसंनिधौ परमधार्मिकविद्वज्जनसन्निधौ शांतिकपौष्टिक-सकलकार्यसिद्ध्यर्थं इंद्रध्वजविधानस्य[1] एतद्[2]...जाप्यं.....वाराद् आरभ्य...वासरपर्यतं करिष्यामहे। (संकल्प हेतु हाथ में लिये हुए सुपारी, हल्दी, पुष्प आदि पाटे पर छोड़ें)

पुनः जाप्य करने के स्थल पर जो यंत्र अथवा जो प्रतिमा विराजमान की हों, उनका विधिवत् अभिषेक पूजन करके जाप्य प्रारम्भ करें।

इन्द्रध्वज विधान की जाप्य–

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूँ ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा मध्यलोकसंबंधिचतुःशताष्टपंचाशत् श्रीजिनचैत्यालयेभ्यो नमः।

सिद्धचक्र विधान की जाप्य–

ॐ ह्रीं अर्हं असि आ उसा अनाहतविद्यायै नमः।

शांति विधान की जाप्य–

ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथाय जगत्शांतिकराय सर्वोपद्रवशान्तिं कुरु कुरु ह्रीं नमः।

1. जो विधान होवे उसको बोलना। 2. जो विधान हो उसकी जाप का मंत्र बोलें।

हवनविधि

(इसमें सर्वप्रथम संकल्प करके पुण्याहवाचन करें)

संकल्प मंत्र

–शेर छंद–

अर्हंत देव कथित दयामूल धर्म है।
याजक व श्रावकों के लिये सौख्य मर्म है।।
इन धर्मनिष्ठ जनों को सद्धर्म वृद्धि हो।
श्रीबल व आयु स्वास्थ्य व ऐश्वर्य वृद्धि हो।।1।।

अथ श्रीमज्जिनशासने भगवतो महतिमहावीरवर्द्धमानतीर्थंकरस्य धर्मतीर्थे, श्रीमूलसंघे, मध्यलोके, जम्बूद्वीपे सुदर्शनमेरोर्दक्षिणभागे, भरतक्षेत्रे आर्यखंडे ... देशे ... नगरे विविधालंकारमंडितयज्ञमंडपे, हुंडावसर्पिणीकाले, दुःषमनामनि पंचमे कलियुगे प्रवर्तमाने, ... संवत्सरे ... अयने ... ऋतौ ... मासे ... पक्षे ... तिथौ जिनप्रतिमायाः सन्निधौ, मुन्यार्यिकाश्रावकश्राविकादिचतुर्विधसंघसन्निधौ विधिना विधियमान इन्द्रध्वजविधान[1]कर्मणि सकलाभ्युदयनिःश्रेयससिद्ध्यर्थं, शुद्ध्यर्थं, शान्त्यर्थं शांतिहोमविधिं विधास्यामः।

तत्कर्मणः पुण्याहार्थं ऋद्ध्यर्थं स्वस्त्यर्थं पुण्याहवाचनां कर्तुमुत्सहामहे।

(ऐसा संकल्प करके पुण्याहवाचन करें।)

(पुण्याहवाचन के पूर्व करीब एक सेर श्वेत चावल एक चौकी पर बिछावें, उस पर ''ह्रींकार'' से वेष्टित स्वास्तिक बनायें। उसके ऊपर जल से परिपूर्ण गंध अक्षत आदि से अर्चित अशोक या आम्र के पत्तों से सुशोभित श्वेत सूत्र से कंठ वेष्ठित, नूतन वस्त्र, माला आदि से शोभित, जिसके अन्दर मांगलिक वस्तु हल्दी, सुपारी, नवरत्न आदि डाले गये हैं, ऐसे कलश को स्थापित[2] करें। पुनः उस कलश के जल से पूजक आदि सभी जनों पर आगे के शांति मंत्र को बोलते हुए जल छिड़कें।)

1. जिस विधान में होम कर रहे हों, वहाँ पर उस विधान का नाम लेवें। 2. इस टिप्पण का विवरण अगले पेज पर है।

पुण्याहवाचनं

ॐ पुण्याहं पुण्याहं प्रियंतां प्रियंतां भगवन्तोऽर्हन्तः सर्वज्ञाः सर्वदर्शिनः त्रिलोकनाथाः त्रिलोकप्रद्योतनकराः वृषभाऽजितसंभवाभिनंदनसुमतिपद्मप्रभसुपार्श्व-चन्द्रप्रभपुष्पदन्तशीतलश्रेयोवासुपूज्यविमलानंतधर्मशांतिकुँथ्वरमल्लिमुनिसुव्रत-नमिनेमिपार्श्वश्रीवर्धमानाः शांताः शांतिकराः सकलकर्मरिपुविजयकांतार-दुर्गविषमेषु रक्षंतु नो जिनेंद्राः सर्वविदश्च। श्री ह्री धृतिकीर्तिकांतिबुद्धिलक्ष्मी-मेधाविन्यः सेवाकृषिवाणिज्यवाद्यलेख्यमंत्रसाधनचूर्णिप्रयोगस्थानगमन-सिद्धिसाधनाय अप्रतिहतशक्तयो भवंतु नो विद्यादेवताः। नित्यमर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्यायसर्वसाधवश्च भगवंतो नः प्रियन्तां प्रियन्तां। आदित्य सोमांगार-बुधबृहस्पतिशुक्रशनैश्चरराहुकेतुग्रहाश्च नः (प्रियंतां प्रियंतां)। तिथिकरणमुहूर्त लग्नदेवताः इह चान्यग्रामनगरादिषु अपि वास्तुदेवताश्च ताः सर्वा गुरूभक्ता अक्षीणकोषकोष्ठागाराः भवेयुः दानतपोवीर्य नित्यमेवास्तु नः प्रीयंता प्रीयंतां। मातृपितृ-भ्रातृसुतसुहृत्स्वजनसंबंधिबंधुवर्गसहितानां धनधान्यैश्वर्यद्युति-बलयशोवृद्धिरस्तु। प्रमोदोऽस्तु। शांतिर्भवतु। पुष्टिर्भवतु। सिद्धिर्भवतु। काममांगल्योत्सवाः सन्तु। शाम्यंतु घोराणि। शाम्यंतु पापानि। पुण्यं वर्द्धताम्। धर्मोवर्द्धताम्। श्रेयायुषी वर्द्धताम्। कुलं गोत्रं चाभिवर्द्धताम्। स्वस्ति भद्रं

---

1. याचक यजमान के हाथ से मंत्र बोलकर कलश स्थापन करावें, पुनः यजमान से दूसरे कलश से उसमें जल धारा कराते हुए उस जल को शुद्ध करा करके उस कलश को अर्घ्य चढ़ाकर उसे उठाकर अशोक आदि के पत्तो से या दर्भ के पूले से पुण्याह मंत्रो द्वारा सभी पर जल छिड़कें।
   कलश स्थापन मंत्र–ॐ ह्रीं स्वस्तये पुण्याहं कलशं स्थापयामि स्वाहा।
   जल शुद्धिकरण मंत्र–ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते पद्ममहापद्मतिगिंछ-केषरिमहापुंडरीकपुंडरीकगंगासिन्धुरोहिद्रोहितास्याहरितहरिकांतासीतासीतो–दानारीनरकांतासुवर्णरूप्यकूलारक्तारक्तोदापयोधिशुद्धजलसुवर्णघटप्रक्षालितनवरत्न-गंधाक्षतपुष्पार्चितमामोदकं पवित्रं कुरु कुरु झं झं झ्रौं झ्रौं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं द्रां द्रां द्रीं द्रीं हं सः स्वाहा। इति जलेन प्रसिंच्य पवित्रीकरणं।
   कलशार्चन का मंत्र–ॐ ह्रीं नेत्राय संवौषट् कलशार्चनं करोमि स्वाहा।
   अर्घ्यं.....

चास्तु नः। हतास्ते परिपंथिनः। शत्रवः शमं यान्तु। निष्प्रतिघमस्तु। शिवमतुलमुप्त सिद्धाः सिद्धिं प्रयच्छंतु नः स्वाहा।

(ॐ कर्मणः पुण्याहं भवन्तो ब्रुवन्तु इति प्रार्थयेत्। प्रार्थितविप्राः पुण्याहं कर्मणोऽस्तु इति ब्रूयुः। अनेन प्रकारेण। ॐ कर्मण स्वस्ति भवंतो ब्रुवन्तु स्वस्ति कर्मणेऽस्तु च। कर्मऋद्धिं भवन्तो ब्रुवन्तु कर्मऋद्धिस्तु। एतद्वाक्यत्रयोच्चारणान्ते त्रिवारपात्रांतरपातितपूर्णकलशजलेन सभां शांतिमंत्रेण सिंचेत्।)

शांतिमंत्र

–शेर छंद–

चारों निकाय देव के मुकुटाग्र मणी से।
जिनके चरण चुंबित हुये अर्हंत देव वे।।
सब दोष शून्य परम ज्ञान ज्योति रूप हैं।
बहिरंग समवसरण मध्य चित् स्वरूप हैं।।2।।

अथ अभ्यर्हिताखिलाभ्युदय निःश्रेयस संपादकः स्याद्वादन्यायनायकः परमाप्तो भगवानर्हद्भट्टारकः। मातृपितृभ्रातृसृहृत्स्वजनसंबंधिबंधुवर्गसहितयजमा नस्य (...) सकलकल्याणं करोतु। शांतिं कांतिमाविष्करोतु प्रादुष्करोतु। सौभाग्यमारोग्यमातनोतु संतनोतु। संपदमापदं संपादयतु संविदारयतु। अयशोयशो निष्कासयतु विकासयतु। एनो मतिमवसादयतु प्रसादयतु। सुखमसुखं तनोतु धुनोतु। अनभिमतमभिमतं वारयतु पूरयतु। श्रियमायुः श्लाघयतु द्राघयतु। पुण्यं पापं व्याजृंभयतु स्तंभयतु। कुपथं सुपथं व्यावर्तयतु प्रवर्तयतु। सत्कर्मासत्कर्म बोधयतु रोधयतु। अनेकांतमेकांतं निध्यापयतु विध्यापयतु। विद्यामविद्यां उन्मीलयतु समुन्मूलयतु। सत्शास्त्रं असच्छास्त्रं पोषयतु शोषयतु। श्रेयः प्रत्यवायं पुष्णातु मुष्णातु। क्षामं क्षेमं क्रशयतु शृशयतु। शौचमाचारं प्रभृयतु द्रढयतु। कुमतिं सुमतिं अनिशं मर्दयतु वर्धयतु। सकलाभ्युदयनिःश्रेयस सिद्धिं करोतु वृद्धिं करोतु। झ्वीं क्षीं हं सः स्वाहा।

–वसंततिलका छंद–

कल्याण हो धन बढ़े सुख शांति होवे।
दीर्घायु हो सुकुलवंशसमृद्धि होवे।।

आरोग्य हो फल अभीसिप्त प्राप्त होवे।
हे वत्स! ते जिनपदांबुज प्रीति होवे।।3।।

चक्रीश पंचम कहे वर कामदेवा।
तीर्थेश षोडश तुम्हें त्रैलोक्य पूजे।।
हे शांतिनाथ! जग में तुम शांतिदाता।
श्री शांतिहोम करणाय तुम्हें नमूँ मैं।।4।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्षीं भूः स्वाहा।

विधियज्ञप्रतिज्ञापनाय पुष्पांजलिः।

घंटा ताल मृदंग ध्वनि, दुंदुभि वाद्य बजंत।
जय जय मंगल ध्वनि करूँ, पुष्पांजलि विकिरंत।।5।।

ॐ घंटादिवाद्यं उद्घोषयामि स्वाहा।

(बाजों पर पुष्पांजलि क्षेपण कर घंटा, मजीरा, ढोलक, आदि बाजे बजाकर जय जय ध्वनि करें)

क्षेत्रपाल पूजा

–शेर छंद–

जिन यज्ञ में इस क्षेत्र की रक्षा सुकीजिये।
संपूर्ण विघ्न दूर करके शांति दीजिये।।
हे क्षेत्रपाल आइये निज भाग लीजिये।
आग्नेय दिश में थापूँ यहाँ पर ही तिष्ठिये।।6।।

ॐ ह्रीं क्षेत्रपाल! अत्र आगच्छ आगच्छ संवौषट्।

ॐ ह्रीं क्षेत्रपाल! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।

ॐ ह्रीं क्षेत्रपाल! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।।

ॐ ह्रीं अत्रस्थ क्षेत्रपालाय इदं जलं गंधं अक्षतं पुष्पं चरूं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा।

(आग्नेय दिशा में अर्घ चढ़ावें)

वास्तुदेव पूजा

संपूर्ण गेह में सदा निवास जो करें।
श्रीवास्तुदेव सर्व का उपकार वो करें।।
उन वास्तुदेव का यहाँ आह्वान मैं करूँ।
ईशान कोण में यहाँ वसु अर्घ मैं धरूँ।।7।।

ॐ ह्रीं वास्तुदेव! अत्र आगच्छ आगच्छ संवौषट्।

ॐ ह्रीं वास्तुदेव! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।

ॐ ह्रीं वास्तुदेव! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

ॐ ह्रीं वास्तुदेवाय इदं अर्घं पाद्यं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा।

(ईशान दिशा में अर्घ चढ़ावें)

वायुकुमार पूजा

जिनदेव के विहार में तुम भक्ति से आते।
देवेन्द्र की आज्ञा से सुखद पवन चलाते।।
वायुकुमार देव! यज्ञ भूमि सोधिये।
निज यज्ञ भाग लीजिये संतुष्ट होइये।।8।।

ॐ ह्रीं वायुकुमार देव! महीं पूतां कुरू कुरू हूं फट् स्वाहा।

(दर्भ के पूले से भूमि का संमार्जन करें)

ॐ ह्रीं वायुकुमाराय सर्वविघ्नविनाशनाय इदं अर्घं पाद्यं गंधं अक्षतं पुष्पं चरूं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा। (पूर्व और ईशान दिशा के बीच में अर्घ चढ़ावें)

मेघकुमार पूजा

जिनदेव के विहार में तुम भक्ति से आते।
सुरभित उदक की वृष्टि अति हर्ष बढ़ाते।।
हे मेघकुमर देव! यज्ञ भूमि सोधिये।
निज यज्ञ भाग लीजिये संतुष्ट होइये।।9।।

ॐ ह्रीं मेघकुमार देव! धरां प्रक्षालय प्रक्षालय अं हं सं वं झं ठं क्षः फट् स्वाहा। (दर्भ पूले से जल लेकर भूमि पर छिड़कें)

ॐ ह्रीं मेघकुमाराय सर्वविघ्नविनाशनाय इदं अर्घं पाद्यं जलं गंधं अक्षतं पुष्पं चरूं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा। (पूर्व और ईशान दिशा के बीच में अर्घ चढ़ावें)

अग्निकुमार पूजा

संपूर्ण होम अग्नि में तुम पूज्य हुये हो।
निर्वाण की पूजा में अग्रगण्य हुये हो।।
अग्निकुमार देव! यज्ञ भाग लीजिये।
अग्नीशिखा से यज्ञ भूमि शुद्ध कीजिये।।10।।

ॐ ह्रीं अग्निकुमार देव! भूमिं ज्वालय ज्वालय अं हं सं वं झं ठं क्षः फट् स्वाहा। (दर्भ के पूले से जलते हुये भूमि शुद्ध करें)

ॐ ह्रीं अग्निकुमारदेवाय सर्वविघ्नविनाशनाय इदं अर्घं पाद्यं जलं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतं प्रतिगृह्यतां स्वाहा।

(पूर्व और ईशान दिशा के बीच में दर्भपूला या कपूर जलावें)

नागकुमार पूजा

से साठ सहस नागकुमर देव विचरते।
जिन यज्ञ में भक्तों के सर्व विघ्न को हरते।।
ईशान दिशा में यहाँ जलांजली करूँ।
हे नागदेव आपको संतुष्ट मैं करूँ।।11।।

ॐ ह्रीं क्रों षष्टिसहस्रसंख्येभ्यो नागेभ्यः स्वाहा। इदं अर्घं पाद्यं जलं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुं दीपं धूपं फलं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतं प्रतिगृह्यतां स्वाहा। (नागसंतर्पण के लिये ईशान दिशा में जलांजलि देवें)

(यहाँ पर पुण्याहवाचन करने का भी विधान है। मंदिर से अतिरिक्त स्थान पर यदि विधान के लिये मंडप बनाया है तो अवश्य ही लघु पुण्याहवाचन करें।

दिक्पाल अर्घ

(यह अर्घ मंडप पर ही चढ़ावें)

–दोहा–

पहले ब्रह्म प्रदेश में, पुनः पूर्वदिश आदि।
दर्भ स्थापन विधि करूँ, मंत्रसहित रुचिरादि।।12।।

ॐ ह्रीं दर्पमथनाय नमः स्वाहा। ब्रह्मादिदशदिक्षु दर्भः।

भूमि अर्चन–ॐ नीरजसे नमः जलं। शीलगंधाय नमः चंदनं। अक्षताय नमः अक्षतं। विमलाय नमः पुष्पं। दर्पमथनाय नमः नैवेद्यं। ज्ञानोद्योताय नमः दीपं। श्रुतधूपाय नमः धूपं। परमसिद्धाय नमः फलं। ॐ ह्रीं भूमि देवतायै नमः अर्घ्यं.....।

–शेर छंद–

पांडुकशिला प्रसिद्ध उसके बीच सिंहासन।
उसके सदृश वेदी के मध्य रखा सिंहासन।।
शुचि नीर से इस पीठ की प्रक्षालना करूँ।
अक्षत कुसुम व दर्भ आदि थापना करूँ।।13।।

ॐ ह्रीं अर्हं क्ष्मं ठ ठ श्री पीठ स्थापनं करोमि स्वाहा।
(श्री पीठ स्थापित करें)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रतरजलेन श्री पीठ प्रक्षालनं करोमि स्वाहा।

तत्पीठोत्परिप्रागग्रवस्त्राच्छादनं। (पीठ प्रक्षालन करें)

ॐ ह्रीं दर्पमथनाय नमः । (पुष्प, अक्षत और दर्भ स्थापित करें)

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राय स्वाहा। (पीठ को अर्घ चढ़ाना)

इस पीठ पे जिनबिंब की स्थापना करूँ।
बहु वाद्य बजा लोक में प्रभावना करूँ।।
प्रतिमा के दायें भाग में त्रयचक्र को धरूँ।
त्रय छत्र बायें भाग में धर ताप को हरूँ।।14।।

ॐ ह्रीं अर्हं धर्मतीर्थादिनाथ भगवन्! इह पांडुकशिलापीठे तिष्ठ तिष्ठ स्वाहा। (श्री पीठ पर जिनबिंब को स्थापित करें)

दक्षिणपार्श्वे चक्रत्रयस्थापनं। वामपार्श्वे छत्रत्रय स्थापनं।

(प्रतिमा के दायें भाग में तीन चक्र और बायें भाग में तीन छत्र स्थापित करना)

पुनः जिनेंद्रदेव का आह्वान आदि करके नीर से जिन प्रतिमा के चरणों का प्रक्षालन करके जल, चंदन आदि आठ द्रव्य चढ़ावें।

अर्हतदेव पूजा

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः असि आ उ सा हं एहि एहि संवौषट् आह्वानं।

ॐ ह्रां ... अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रां ... अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे अनंतानंतज्ञानशक्तये जलं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे अनंतानंतज्ञानशक्तये चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

(इसी मंत्र को पुनः पुनः बोलकर आठों द्रव्य चढ़ाकर 'उदकचंदन' आदि बोलकर अर्घ चढ़ावें)

तीन चक्र की पूजा

राजेन्द्र व देवेन्द्र व जिनेन्द्र योग्य हैं।
ये चक्र तीन मंगलमय मुख्य वस्तु हैं।।
जिन पास में स्थापित की अर्चना करूँ।
संसारचक्र नाश के मुक्त्यंगना वरूँ।।15।।

ॐ नीरजसे नमः जलं। ॐ शीलगंधाय नमः चंदनं।

ॐ अक्षताय नमः अक्षतं। ॐ विमलाय नमः पुष्पं।

ॐ दर्पमथनाय नमः नैवेद्यं। ॐ ज्ञानोद्योताय नमः दीपं।

ॐ श्रुतधूपाय नमः धूपं। ॐ परमसिद्धाय नमः फलं।

ॐ ह्रीं चक्रत्रयेभ्यः अर्घ्यं।

तीन छत्र की पूजा

त्रैलोक्य के स्वामित्व के ये चिन्ह बताये।
ये तीन छत्र मंगलमय वस्तु कहाये।।
जिनपास में स्थापित की अर्चना करूँ।
संसार ताप नाशो यह प्रार्थना करूँ।।16।।

ॐ नीरजसे नमः जलं (उपर्युक्त मंत्रों से आठों द्रव्य चढ़ावें)

पुनः कुण्ड के निकट बैठने हेतु निम्न मंत्रों से भूमिशुद्धि आदि करें।

ॐ ह्रीं क्षीं भूः शुद्धयतु स्वाहा। (भूमि पर जल छिड़कें)

ॐ ह्रीं अर्हं क्ष्मं ठं आसनं निक्षिपामि स्वाहा। (आसन बिछावें)

ॐ ह्रीं अर्हं ह्युँ ह्युँ णिसिहि आसने उपविशामि स्वाहा।

(दर्भासन पर बैठें)

होम और पूजनादि द्रव्य पास में रखके।
सब वस्तु शोध करके उचित मौन को धरके।।
सब मंत्र क्रिया क्रम में सावधान हो रहा।
इस होम क्रिया विधि को प्रारंभ कर रहा।।17।।

(होम द्रव्य पूजानादि द्रव्य को समीप में रखना। स्रुच और स्रुवा आदि को पास में लेना और जल से धोना। सभी पात्रों को ग्रहण करने और रखने में देखना, शोधन करना। घी के पात्र को उठाकर जमीन को देखकर रखना। घी को दर्भ से हिलाकर देखकर तपा लेना। इस तरह पूजक को प्राणियों के घात के परिहार हेतु आदर सहित सारे कार्य करने चाहिये।)

ॐ ह्रीं हं मौनस्थितायार्हं मौनव्रतं गृण्हामि स्वाहा। (मौनव्रत ग्रहण करें)

ॐ ह्रीं नमः सर्वज्ञाय सर्वलोकनाथाय धर्मतीर्थंकराय श्रीशांतिनाथाय परमपवित्राय पवित्रजलेन होमकुण्डशुद्धिं पात्रशुद्धिं च करोमि स्वाहा।

(होम कुण्ड पर और सभी पात्रों पर जल छिड़कें)

–दोहा–

होम कुण्ड की अर्चना, अग्नि प्रजालन आदि।
सर्वविधि विधिवत् करूँ, मिटे कर्म की व्याधि।।18।।

ॐ प्रक्रमक्रमविधि अवधानाय पुष्पांजलिः।

चौकोन कुण्ड की पूजा

तीर्थेश से संबंधि ये चौकोन कुण्ड है।
श्रीगार्हपत्य आश्रय से इंद्र वंद्य है।।
निर्वाण समय इंद्र रचित पुण्य पुंज है।
इस कुंड की पूजा करूँ ये ध्यान कुंज है।।19।।

ॐ नीरजसे नमः जलं। ॐ शीलगंधाय नमः चंदनं।
ॐ अक्षताय नमः अक्षतं। ॐ विमलाय नमः पुष्पं।
ॐ दर्पमथनाय नमः नैवेद्यं। ॐ ज्ञानोद्योताय नमः दीपं।
ॐ श्रुतधूपाय नमः धूपं। ॐ परमसिद्धाय नमः फलं।
ॐ चतुरस्रकुण्डाय अर्घं ... ।

त्रिकोन कुण्ड की पूजा

गणधर गुरू संबंधि यह त्रिकोन कुण्ड है।
ये आह्वानीय अग्नि के आश्रय से श्रेष्ठ है।।
निर्वाण समय इंद्ररचित पुण्य पुंज है।
इस कुण्ड की पूजा करूँ यह ध्यान कुंज है।।20।।

ॐ नीरजसे नमः इत्यादि मंत्रों से अष्टद्रव्य चढ़ायें।

गोल कुण्ड की पूजा

सामान्य केवली मुनी का गोल कुण्ड है।
ये दक्षिणाग्नि आश्रय से सर्ववंद्य है।।
निर्वाण समय इंद्र रचित पुण्यपुंज है।
इस कुण्ड की पूजा करूँ ये ध्यान कुंज है।।21।।

ॐ नीरजसे नमः इत्यादि मंत्रों से अष्टद्रव्य चढ़ायें।

ॐ नमोऽर्हते भगवते सत्यवचनसंदर्भाय केवल दर्शने प्रज्वलनाय पूर्वोत्तराग्रेण दर्भपरिधिं उदुंवरसत्परिधिं च करोमि स्वाहा।

(यह मंत्र बोलकर होम कुण्ड के चारों ओर पाँच-पाँच दर्भकाण्ड की परिधि करें)

ॐ नमोऽर्हते भगवते सत्यवचनसंदर्भाय केवलदर्शनप्रज्वलनाय पूर्वोत्तराग्रेण होमकुण्डानां मध्ये शुष्कदर्भपरिस्तरणं करोमि स्वाहा।

(यह मंत्र बोलकर होमकुण्ड के मध्य सूखा दर्भ स्थापित करें, दर्भ के अभाव में कपूर स्थापित करें)

पुनः अग्नि स्थापना

ॐ ह्रीं स्वस्तये श्रीमन्तं पवित्रतरं अग्नीन्द्रं स्थापयामि स्वाहा।

(कुण्ड में अग्नीन्द्र की स्थापना करें)

जैनेन्द्रवाक्य के समान सुप्रसन्न है।
सूखे हुये दर्भाग्र से उत्पन्न अग्नि है।।
कुण्डों में रखे ईंधन की शुद्ध अग्नि है।
मैं अग्नि संधुक्षण करूँ ये समय मान्य है।।22।।

उसहायिजिणे पणमामि सया, अमलो विरजो वरकप्पतरू।
सअ कामदुहा मम रक्ख सया, पुरु विज्जुणुही पुरु विज्जुणुही।।23।

ॐ ॐ ॐ ॐ रं रं रं रं स्वाहा। अग्निं संधुक्षयेत्

